- वर्ष: 1
- अंक: 75
- पृष्ठ: 8
- मूल्य: ₹2.00

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

# दैनिक जूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, सोमवार 28 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


# भारतीय-वायुसेना के साथ पहली बार युद्धाभ्यास करने पहुंचे अमेरिकी F-35: 200 जवान आए

## 'तरंग शक्ति' में 8 देशों के लड़ाकू विमान हुए शामिल, भारतीय वायुसेना के सुखोई-30MKI, राफेल, तेजस और जगुआर जैसे लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे

जूम न्यूज • जोधपुर

जोधपुर में एयरफोर्स का युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' चल रहा है। इसमें दुनिया के खतरनाक लड़ाकू विमान अपनी ताकत दिखा रहे हैं। इस मेगा एयर एक्सरसाइज में पहली बार अमेरिकी वायुसेना का 5वीं जनरेशन का स्टील्थ फाइटर जेट F-35 शामिल हुआ है। 12 अक्टूबर तक जोधपुर एयरबेस पर चलने वाले युद्धाभ्यास में भारत समेत 8 देशों की वायुसेना के जवान हिस्सा ले रहे हैं। ये वायुसेना आसमान में अपनी ताकत और सामरिक तालमेल का प्रदर्शन कर रही हैं। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी जोधपुर पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर पोस्ट शेयर कर युद्धाभ्यास में अमेरिकी वायुसेना की भागीदारी को लेकर खुशी जाहिर की है। अमेरिकी राजदूत ने बताया कि अमेरिका के 6 अत्याधुनिक F-35 लाइटनिंग फाइटर जेट और 200 से ज्यादा अमेरिकी एयरसैनिक पहली बार इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए जोधपुर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका के इन 5वीं पीढ़ी के फाइटर जेट्स को भारतीय वायुसेना और अन्य सहभागी देशों के विमानों के साथ आसमान में उड़ान भरते देखने को लेकर उत्साहित हूं।



### हवाई युद्ध तकनीकों का अभ्यास

इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30MKI, राफेल, तेजस और जगुआर जैसे लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और यूएई सहित 8 देशों के लड़ाकू विमान, AWACS (एयरबॉर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम) और रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट भी युद्धाभ्यास में शामिल हैं। अलग-अलग देशों के लड़ाकू विमान एक साथ उड़ान भरकर रणनीतिक तालमेल और हवाई युद्ध की बारीकियों को साझा कर रहे हैं। भारतीय और विदेशी पायलट जटिल हवाई युद्ध तकनीक, नाइट-फ्लाइंग ऑपरेशन और संयुक्त युद्ध रणनीतियों का अभ्यास कर रहे हैं। इसके जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।



## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली: डिप्टी सीएम प्रवेश वर्मा ने युवक को थप्पड़ मारा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को X पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा एक लड़के को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। AAP का आरोप है कि तिलक नगर में सड़क बनाने में हुए भ्रष्टाचार को लेकर कुछ लोग उनसे सवााल कर रहे थे। इस बीच उन्होंने वहां खड़े एक युवक को थप्पड़ मार दिया। हालांकि इसके बाद उनके गार्ड और मौजूद साथियों ने युवक को दूर हटाया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित युवक ने आरोप लगाया है कि यह पूरा मामला पुलिस के सामने ही हुआ। उनके साथियों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी है।

### असम में कॉकरोच पार्टी के आशुतोष रांका हिरासत में

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के सह-संयोजक आशुतोष रांका और उनकी टीम के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रविवार को हिरासत में लिया। ये लोग CJP की वॉलंटियर्स मीटिंग में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस सभी को गुवाहाटी स्थित काहिलीपारा जेल लेकर गई है। हिरासत में लिए जाने के दौरान रांका ने कहा- CM हिमंता को डर है कि अगर CJP असम के स्कूलों में गई तो पूरे देश को सच पता चल जाएगा। रांका शनिवार से असम में थे और रविवार को बैठक में शामिल होने वाले थे।

## » अंदर विशेष


- नाबालिग का अपहरण करने वाला आरोपी अहमदाबाद से गिरफ्तार ...पढ़े पेज 2 पर
- पंचायत चुनाव में समर्थित प्रत्याशी उतारेंगे नरेश मीणा ...पढ़े पेज 3 पर


# डिफेंस समिट 2026 में बोले रक्षा मंत्री-चिप से लेकर हथियार तक आत्मनिर्भरता है जरूरी



भारतीय युवा एआई, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा पर कार्यरत | भारत के युवा भविष्य के युद्धों के लिए तकनीक तैयार कर रहे हैं, आगे बढ़े हैं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को घरेलू रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत और महत्वपूर्ण तकनीकों पर अधिक नियंत्रण हासिल करना होगा, जिससे तेजी से जटिल होते वैश्विक सुरक्षा माहौल में रणनीतिक स्वायत्तता हासिल की जा सके। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक निजी चैनल का के कार्यक्रम डिफेंस समिट 2026 को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने आज रविवार को कहा कि देश का दृष्टिकोण एक सरल सोच से निर्देशित है। भारत में जो भी चीज बनाई जा सकती है, उसका देश में ही उत्पादन किया जाए और आयात पर निर्भरता कम की जाए। उन्होंने कहा, चिप से लेकर जहाजों तक, स्क्रू से लेकर पूरी हथियार प्रणालियों तक, यही भारत को रणनीतिक स्वायत्तता की ओर ले जाएगा।

### रक्षा मंत्री के संबोधन की खास बातें

- भारत का दृष्टिकोण सरल जो कुछ देश में बनाया जा सके, उसका आयात न किया जाए
- स्वदेशी डिजाइन, नवाचार और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तकनीक विकास पर बल
- रक्षा आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम
- हाल के वर्षों में संरचनात्मक व परिवर्तनकारी सुधारों से क्षेत्र को मिली गति
- हम केवल वर्तमान जरूरतें नहीं, भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं
- जी से 5जी तकनीक की तरह युद्ध भी 5वीं पीढ़ी में प्रवेश कर चुका
- एआई, क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियां और साइबर सुरक्षा अब युद्ध का अभिन्न हिस्सा
- भारत स्वदेशी क्वांटम तकनीकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा

### स्वदेशी डिजाइन हो रही तैयार

*राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी डिजाइन, नवाचार और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तकनीक विकसित करने को आवश्यक बताया।उन्होंने कहा कि रक्षा आपूर्ति श्रृंखला के महत्वपूर्ण घटकों का निर्माण और उन पर नियंत्रण रखने की भारत की क्षमता राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

### सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत किया

सिंह के अनुसार, दीर्घकालिक रक्षा तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों में महारत हासिल करना और पूरे विनिर्माण इकोसिस्टम में अधिक आत्मनिर्भरता जरूरी होगी। हाल के नीतिगत कदमों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत करने के लिए संरचनात्मक और परिवर्तनकारी सुधार किए हैं, जिससे पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण गति मिली है। उन्होंने कहा, हम केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करने तक सीमित नहीं हैं, हम आत्मनिर्भर हैं और भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं। दूरसंचार क्षेत्र में 2जी से 5जी तकनीक तक के विकास की तुलना करते हुए सिंह ने कहा कि युद्ध भी पांचवीं पीढ़ी के चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां उन्नत तकनीक सैन्य क्षमताओं और युद्ध के परिणामों को तेजी से प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियां और साइबर सुरक्षा आधुनिक युद्ध का अभिन्न हिस्सा बनती जा रही हैं। सिंह ने कहा कि भारत स्वदेशी क्वांटम तकनीकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है और साथ ही उभरते रक्षा नवाचारों को समर्थन देने के लिए जरूरी नीतिगत ढांचे को भी मजबूत कर रहा है।

### ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स तैयार कर रहे युवा

*रक्षा मंत्री ने तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने में भारत के युवाओं की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा भारतीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा समाधान और स्वायत्त प्रणालियों पर काम कर रहे हैं और देश की भविष्य की रक्षा तैयारियों में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के युवा अब केवल भविष्य की नौकरियों की तैयारी नहीं कर रहे हैं। वे भारत के भविष्य के युद्धों के लिए तकनीक तैयार कर रहे हैं।*

# रूस का UNSC में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

## जर्मनी-जापान का विरोध किया, सुरक्षा परिषद में 5 परमानेंट मेंबर, भारत 8 बार अस्थायी सदस्य रहा

**नई दिल्ली।** रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि सुरक्षा परिषद में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। हम ब्राजील और भारत की स्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। लावरोव ने सुरक्षा परिषद में पश्चिमी देशों की अतिरिक्त सीटों का विरोध किया। उन्होंने खासतौर पर जर्मनी और जापान का नाम लेते हुए उन पर 'सैन्यवाद और बदले की भावना की ओर बढ़ने का आरोप लगाया।

लावरोव ने साथ ही कहा कि UNSC में सुधार के दौरान मौजूदा स्थायी सदस्यों के अधिकारों और शक्तियों में कमी नहीं होनी चाहिए। दुनिया की 17% आबादी भारत में रहती है। 142 करोड़ जनसंख्या के साथ भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। UNSC में इतनी बड़ी आबादी का रिप्रेजेंटेशन होना जरूरी है। पिछले एक दशक में भारत की औसतन सालाना विकास दर 7% से ज्यादा रही है। यह चीन के बाद किसी भी दूसरे बड़े देश की तुलना में सबसे ज्यादा है। इस आर्थिक ताकत को UNSC में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

भारत परमाणु शक्ति संपन्न है, लेकिन वो इसका दिखावा नहीं



करता। अगर भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है तो परमाणु निरस्त्रीकरण प्रोग्राम में वह अहम भूमिका निभा सकता है।

### परिषद के सदस्य 15, वीटो राइट सिर्फ 5 को

सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य हैं। इनमें 5 स्थायी सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन हैं। इन सबको वीटो पावर हासिल है। इसके अलावा 10 गैर-स्थायी सदस्य होते हैं, जिन्हें 2 साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बढ़ाने के लिए UN चार्टर में बदलाव करना होगा। इसके लिए महासभा में दो-तिहाई बहुमत और दो-तिहाई सदस्य देशों की औपचारिक मंजूरी जरूरी है। इसमें सभी पांच मौजूदा स्थायी सदस्यों की मंजूरी भी आवश्यक है।

# पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले- तालिबान से दोस्ती गलती थी: अब नतीजा भुगत रहे

**इस्लामाबाद/न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि तालिबान से दोस्ती करना पाकिस्तान की बहुत बड़ी गलती थी। पाकिस्तान अब उसका नतीजा भुगत रहा है। न्यूयॉर्क में एक अफगान महिला पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यह कहा। महिला पत्रकार ने ख्वाजा आसिफ से पूछा था कि अफगान महिलाओं को लेकर तालिबान की नीतियों पर आपका क्या संदेश है? पाकिस्तान ने शुरुआत में ही तालिबान को महिलाओं के अधिकारों के बारे में क्यों नहीं समझाया। इसके जवाब में आसिफ ने उसके कपड़ों की ओर इशारा किया और फिर गला कटने का इशारा करते हुए कहा- 'वहां ऐसे मत जाना।'

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का गला काटने का इशारा और तालिबान के साथ दोस्ती को गलती बताने का वीडियो



वायरल है। कुछ लोग गंभीर सवालों का जवाब हंसी मजाक में देने को लेकर भी पाक रक्षा मंत्री की आलोचना कर रहे हैं। 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने पर पाकिस्तान ने उसे अपने लिए फायदेमंद माना था। लेकिन बाद में दोनों देशों के रिश्ते लगातार बिगड़ते गए। पाकिस्तान का आरोप है कि TTP के लड़ाके अफगानिस्तान में ठिकाने बनाकर पाकिस्तान में हमले करते हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति: जयशंकर

**न्यूयॉर्क।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। सीमा पार कोई सरकार इसमें शामिल तो उसे



जिम्मेदार ठहराना होगा। यह पूरी दुनिया के लिए चुनौती है।

आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद और दोस्ती-सद्भावना साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा। जयशंकर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 81वें सेशन को संबोधित कर रहे थे।

# नेपाल में फिर बाढ़-लैंडस्लाइड, 6 की मौत: कई घर और पुल बहे, हाईवे बंद

- **एक माह पहले आई बाढ़ में 1453 मौतें, 5500 लापता**

**काठमांडू।** नेपाल में लगातार बारिश के बीच बाढ़ और भूस्खलन से हालात बिगड़ गए हैं। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। बागलुंग जिले में भूस्खलन से एक घर मलबे में दब गया। हादसे में एक महिला और उसके तीन बेटों की मौत हो गई। पाल्पा जिले में 2 लोग मारे गए हैं। वहीं, बाढ़ और भूस्खलन से कई घर और पुल बह गए हैं। कई जगह हाईवे बंद होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। बुटवल में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 1,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ में 1453 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5500 से ज्यादा लोग



अभी भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण नेपाल की कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। देवघाट में नारायणी नदी रविवार सुबह 7:45 बजे 11 मीटर पर बह रही थी। यह खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर है। अधिकारियों ने नदी का जलस्तर और बढ़ने की आशंका जताई थी। बुटवल में बाढ़ के खतरे को देखते हुए करीब 200 परिवारों को उनके घरों से हटाया गया।

### दक्षिण अफ्रीका: दो जगह गोलीबारी, 27 की मौत

**जोहान्सबर्ग।** अंधाधुंध गोलीबारी के चलते दक्षिण अफ्रीका में 27 लोगों की मौत हो गई। एक घटना जोहान्सबर्ग में हुई जिसमें 17 लोगों की मौत हुई। वहीं दूसरी घटना केपटाउन में हुई जिसमें 10 लोग मारे गए। पुलिस के अनुसार जोहान्सबर्ग के गौतेंग में वेडेला टाउनशिप में शनिवार रात करीब 9:30 बजे गोलीबारी हुई। वहीं केपटाउन के ल्वांडले इलाके में रविवार सुबह गोलीबारी हुई। जोहान्सबर्ग में हुई गोलीबारी का वीडियो सामने आया है। गोलीबारी से पहले लोग बार में पार्टी कर रहे थे। हमलावर AK-47 लेकर आए और फायरिंग कर दी। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है।

## राहुल गांधी ने राफेल पर झूठ बोला, फिर कोर्ट में माफी मांगी; कांग्रेस से पूछे 5 सवाल

# सीएम बोले- नकारी गई पार्टी एसआईआर पर सवाल खड़े कर रही

जूम न्यूज • जयपुर

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- विपक्ष हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की बात कर रहा है। पिछले 4-5 दिनों से विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस पार्टी गलत तथ्यों के आधार पर संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगा रही है।

27 मई को सुप्रीम कोर्ट ने SIR को सही ठहराया, लेकिन उसके बाद भी जनता की ओर से नकारी गई कांग्रेस SIR पर सवाल खड़े कर रही है। इस पूरे मामले में एक खबर को आधार बनाया गया, जबकि उस खबर को चुनाव आयोग ने तथ्यहीन ठहराया दिया। राहुल गांधी ने फाइटर जेट राफेल



पर भी झूठ बोला। बाद में उनको सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कही। भजनलाल शर्मा ने कहा- राहुल गांधी ने विदेश में जाकर भारत की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। राफेल पर भी झूठ बोला। बाद में उनको सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। निर्णय पक्ष में नहीं आने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर सवाल उठाते हैं। यहां तक की भारत की सेना के शौर्य पर भी सवाल उठाते हैं।

### सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस से पूछे सवाल

- SIR में कथित मतभेद का प्रमाण क्या है?
- कैबिनेट सेक्रेटरी के पत्र को SIR से जोड़ने का आधार क्या था?
- फॉर्म-6 में कथित बदलाव का दस्तावेज कहां है?
- मीडिया रिपोर्ट को राजनीतिक आरोप का आधार बनाने से पहले उसका सत्यापन हुआ था या नहीं?
- निर्वाचन आयोग के संयुक्त स्पष्टीकरण के बाद क्या उन आरोपों की समीक्षा की जाएगी?
- सीएम ने कहा- मेरी कांग्रेस को सलाह है कि वह जनता के बीच जाकर जनता के लिए काम करने की आदत डालें। जनता उनको पूरी तरह से नकार चुकी है, जनता के बीच जाएंगे तो उनके लिए ठीक रहेगा। जनता के बीच काम करोगे तो कुछ मिल जाएगा। संस्थाओं को बदनाम करने का काम मत कीजिए। भजनलाल शर्मा ने कहा- अगर कांग्रेस इसी तरह से काम करती रही तो रसातल में चली जाएगी। कांग्रेस के लोग जब भी चुनाव हारते हैं तो अपने कर्मों को नहीं, दूसरों पर ठीकरा फोड़ने का काम करते हैं। ये अपनी हार तो पचाते है, लेकिन दूसरे की जीत नहीं पचा पाते हैं। कोई भी चुनाव देख लीजिए, कांग्रेस जब-जब चुनाव हारी है उसने कहीं न कहीं, किसी पर आरोप लगाए हैं।

# अमित शाह ने देश की पहली LNG ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

- **टैंक फुल होने पर 2200 किमी चलेगी, LNG-डीजल के बीच स्विच कर सकेगा इंजन**

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात में 1,542 करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने भारत की पहली LNG (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) से चलने वाली ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि 2015-16 में रेलवे ने 293 करोड़ लीटर डीजल की खपत की। यह आंकड़ा 2024-25 में घटकर 108 करोड़ लीटर रह गया है और 2030 तक हम इसे शून्य तक ले आएंगे, जिससे भारतीय मुद्रा की बचत होगी। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिस पर अक्सर ध्यान नहीं जाता। उन्होंने



आगे कहा कि यह ट्रेन पर्यावरण संबंधी चिंताओं का समाधान करती है, यात्रियों की सुविधा बढ़ाती है और सुरक्षा को मजबूत करती है। यह ट्रेन पूरी तरह से LNG बेस्ड होगी। हालांकि, इसका इंजन LNG और डीजल दोनों पर चल सकता है। यानी कि फ्यूल की मात्रा के हिसाब से इंजन LNG और डीजल के बीच स्विच कर सकता है।

पेज 8 भी पढ़ें

# जयपुर में महिला की हत्या कर मिट्टी में गाड़ा: मकान लॉक कर फरार हुआ हत्यारा

## बदबू से खुला राज, पुलिस ने खोदकर निकाला शव, आरोपी पत्नी बताकर दो महिला से रह रहा था महिला के साथ, करीब 6 महीने की प्रग्नेंट थी मृतक महिला

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

जयपुर में एक महिला की हत्या के बाद शव को मकान के गार्डन में मिट्टी के नीचे दबा दिया। आरोपी उत्तरप्रदेश निवासी प्रवेश (22) हत्या के बाद मकान को लॉक कर भाग गया। जब मकान मालिक पहुंचा तो गार्डन से बदबू आ रही थी। सूचना के बाद बिंदायका थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी खोदकर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने FSL टीम की मदद से साक्ष्य जुटाने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस टीमें हत्या कर भागे आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक, 2-3 दिन पुरानी लाश बताई जा रही है। आरोपी 2-3 दिन पहले दी घटना को अंजाम देकर भाग गया।

पुलिस के मुताबिक, बिंदायका के प्रेस्टीज कॉलोनी में रविवार सुबह एक मकान के गार्डन में मिट्टी में दबा हुआ महिला का शव मिला है। बिंदायका इलाके में एक फैक्ट्री में काम करने वाले उत्तरप्रदेश निवासी प्रवेश (22) ने मकान किराए पर लिया था। पिछले करीब 2 महीने से आरोपी महिला को अपनी पत्नी बताकर उसके साथ यहां रह रहा था। रविवार सुबह करीब 8 बजे मकान मालिक देखरेख के लिए मकान पर आया। इस दौरान मकान के लॉक मिलने पर उसने आस-पड़ोसियों से पूछताछ की। फिर मकान मालिक ने जब मकान के गार्डन में देखा तो मिट्टी खोदी ही नजर आई। मिट्‌टी को देखने के दौरान उसे जमीन में एक महिला का हाथ दबा हुआ दिखाई दिया। मकान मालिक को जब लाश दबी हुई होने का पता चला तो वह घबरा गया। उसने तुरंत ही बिंदायका थाना पुलिस को सूचना दी। हत्या कर शव दफनाने का पता चलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर FSL टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने गड्ढा खुदवाकर मिट्टी में दबे महिला के शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि प्रवेश ने महिला की हत्या की है। मारने के बाद शव को गड्ढा खोदकर रात के समय गाड़ दिया दिया। जिसके बाद खुद मकान को लॉक कर फरार हो गया।

डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया कि पुलिस को मकान मालिक ने बताया कि करीब दो महीने पहले प्रवेश (22) ने किराए पर मकान लिया था। उसने महिला का नाम किरन (32) निवासी उत्तर प्रदेश बताया था। किरन को प्रवेश ने अपनी पत्नी होना बताया था। वह करीब 6 महीने की प्रेग्नेंट भी थी। पुलिस की ओर से मृतका के परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।



## ब्रीफ न्यूज

### पुजारी से मारपीट: पड़ोसी से म्यूजिक की आवाज को लेकर कहासुनी



**जूम न्यूज़ • जयपुर**

जयपुर में एक मंदिर में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में म्यूजिक की तेज आवाज पर पड़ोसी ने पुजारी से मारपीट कर दी। मंदिर में लगे CCTV फुटेज में मारपीट की यह करतूत कैद हो गई। करधनी थाना पुलिस में पीड़ित पुजारी पंडित रामकृष्ण ने FIR दर्ज कराई है। करधनी थाने के SHO सवाई सिंह ने बताया- निवारू रोड के गणेश नगर मेन निवासी पंडित रामकृष्ण ने मामला दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि गणेश नगर मेन में मैं शिव मंदिर का पुजारी हूं। मंदिर में शुक्रवार शाम करीब 7:45 बजे पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। म्यूजिक की आवाज को लेकर पड़ोसी परिवार के हरिश चतुर्वेदी, देवांश और रितु मंदिर पहुंच गए। इस दौरान भक्तों की मौजूदगी में उन लोगों ने मुझसे विवाद किया। झगड़ा बढ़ने पर गुस्से में पड़ोसी युवक ने पुजारी रामकृष्ण के साथ मारपीट कर दी। हाथापाई के दौरान पुजारी के कपड़े फाड़ डाले। इस पर श्रद्धालुओं ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया।

**दोनों ने एक-दूसरे पर FIR दर्ज कराई:** करधनी थाने में पीड़ित पुजारी पंडित रामकृष्ण और आरोपी परिवार की ओर से क्रॉस FIR दर्ज करवाई गई है। वहीं मंदिर में लगे CCTV फुटेज में कैद मारपीट की करतूत को देख पुलिस ने आरोपी हरिश और देवांश को शांतिभंग के आरोप में अरेस्ट कर लिया।

### डेटिंग एप पर दोस्ती कर 1.50 लाख ऐंठे: हॉस्टल में घुसकर की मारपीट

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

जयपुर में डेटिंग एप पर दोस्ती कर छात्र से 1.50 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने छात्र को बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रुपए वसूले थे। आरोप है कि ठगों ने 'गे' होने की बात छिपाने की एवज में 50 हजार रुपए की डिमांड की थी। पीड़ित कॉलेज स्टूडेंट की ओर से शिवदासपुरा थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले 26 साल के लड़के ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह जयपुर में एक कॉलेज हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। 'ग्राइंडर ऐप' के जरिए उसको अर्जुन नाम के लड़के का मोबाइल नंबर मिला। मोबाइल कॉल के जरिए दोनों के बीच करीब एक महीने तक बातचीत होती रही। दोस्ती होने पर 22 अगस्त को मिलने का तय हुआ। जगतपुरा में मुलाकात के बाद आरोपी अर्जुन उसे बाइक पर बैठाकर उसके हॉस्टल ले गया। हॉस्टल रुम में उसके साथ लात-घुसों से मारपीट की। आरोपी ने युवक का मोबाइल छीनकर धमकाया और अपना पेटीएम एप खोलकर देने को कहा। नहीं तो पूरे कॉलेज, हॉस्टल और तेरे घर पर तेरे GAY होने की बात बता दूंगा। उसने इसका वीडियो भी अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। ब्लैकमेल कर उस दिन ही 1 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी हफ्तेभर बाद 30 अगस्त को ब्लैकमेल कर वापस हॉस्टल आ गया। मारपीट कर 40 हजार रुपए छिनने के साथ ही 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। दोनों के बीच हुई वॉट्सएप चेट को भी डिलिट कर दिया। 31 अगस्त को वॉट्सएप कॉल कर 'गे' होने की बात छिपाने के 50 हजार रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर मारपीट कर पूरे कॉलेज व घर पर बदनाम करने की धमकी दी। भविष्य बर्बाद करने की धमकाया।

# डीजीपी शर्मा ने चलाई 12 किमी साइकिल: 'हेल्दी हार्ट साइक्लोथॉन' में दिया फिट रहने का मैसेज

## मानसरोवर से रवाना हुई साइक्लोथॉन, डॉक्टर बोले- रोज आधे घंटे करें एक्सरसाइज



**जूम न्यूज़ • जयपुर**

जयपुर में वर्ल्ड हार्ट डे पर करीब 200 साइक्लिस्ट्स ने हिस्सा लेकर हेल्दी हार्ट के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। 'हेल्दी हार्ट साइक्लोथॉन' में स्वस्थ दिल और फिटनेस का संदेश देने के लिए रविवार को मानसरोवर स्थित प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर से साइक्लोथॉन रवाना हुई। इसमें राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने खुद करीब 12 किलोमीटर साइकिल चलाई।

साइक्लोथॉन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिंह और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.एल. शर्मा ने भी साइकिल चलाई। डॉक्टर्स ने लोगों को रोज आधे घंटे एक्सरसाइज के लिए कहा। साइक्लोथॉन में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिंह और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.एल. शर्मा भी मौजूद रहे। साइक्लोथॉन में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिंह और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.एल. शर्मा भी मौजूद रहे। साइक्लोथॉन में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने लगभग 12 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की। उन्होंने कहा- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क और मजबूत दिल का वास होता है। उन्होंने नियमित रूप से सक्रिय रहने और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फिट रहने के लिए साइकिलिंग एक अच्छा माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस के शीर्ष अधिकारियों और चिकित्सक को आम लोगों के साथ साइकिल चलाते देख सड़क किनारे मौजूद लोगों ने भी उनका उत्साह बढ़ाया। कई स्थानों पर लोगों ने तालियां बजाकर साइक्लोथॉन में शामिल प्रतिभागियों का स्वागत किया।



वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.एल. शर्मा ने कहा- हार्ट रोगों से बचाव के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीमारी होने के बाद इलाज कराने से बेहतर है कि पहले से ही उसके जोखिम को कम करने के लिए जीवनशैली में बदलाव किए जाएं। उन्होंने लोगों को रोजाना कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि के लिए समय निकालने का संदेश दिया। उनके अनुसार नियमित साइकिलिंग जैसी गतिविधियां व्यक्ति को सक्रिय रखने के साथ हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी मदद करती हैं। कार्यक्रम में भारतीय एथलीट और पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जब समाज के जिम्मेदार लोग स्वयं आगे बढ़कर फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, तो उसका प्रभाव आम लोगों पर भी पड़ता है।

# झुंझुनूं की सात विधानसभाओं में भाजपा ने रवाना किए प्रचार-रथ

## जिप-पंचायत चुनाव को लेकर करेंगे जनसंपर्क



**जूम न्यूज़ • झुंझुनूं**

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी जिला परिषद एवं पंचायत चुनावों को लेकर पार्टी ने झुंझुनूं जिले में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। रीको क्षेत्र स्थित भाजपा जिला कार्यालय से जिले की सातों विधानसभाओं के लिए विशेष 'वीडियो वैन रथों' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। प्रचार रथों को रथ अभियान जिला संयोजक संजय मोरवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा और जिला प्रकोष्ठ संयोजक जय प्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रवाना की गई ये वीडियो वैन जिले के ग्रामीण अंचलों, ग्राम पंचायतों और ढाणियों तक पहुंचकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगी। साथ ही, इनके माध्यम से ग्रामीणों को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ते हुए पंचायत और जिला परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आह्वान किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी एकजुटता और सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजेंद्र चौधरी, प्रदीप चाहर, दिनेश जांगिड़, रविंद्र सिंह सहित स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव में समर्थित प्रत्याशी उतारेंगे नरेश मीणा

## बूंदी-बारां में पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव लड़ने का ऐलान

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद नरेश मीणा ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक सक्रियता तेज कर दी है। नरेश मीणा शनिवार रात हिंडोली विधानसभा क्षेत्र के रोशनदा गांव में आयोजित तेजाजी महाराज के मेले में पहुंचे। यहां उन्होंने आगामी पंचायती राज चुनाव में अपने समर्थित प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया।

उन्होंने कहा- बूंदी और बारां जिले में पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव में भी हमारे समर्थित प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे। रोशनदा में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

नरेश मीणा ने कहा- मेरा प्रयास पंचायत स्तर पर ऐसा राजनीतिक विकल्प खड़ा करने का है, जो गरीब, किसान और आम लोगों की आवाज उठाए। मैं लंबे समय से किसानों, गरीबों और पीड़ितों के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा हूं। आगे भी जनता के बीच रहकर काम करेंगे। उन्होंने समरावता प्रकरण, पीपलोदी हादसे और जेल में बिताए समय का जिक्र करते हुए कहा कि इन परिस्थितियों के बावजूद उनका संघर्ष जारी रहेगा। अपने संबोधन में नरेश मीणा ने कहा कि राजनीतिक रूप से कमजोर करने के लिए मुझे बार-बार जेल भेजा गया। इसके साथ ही उन्होंने हाड़ौती क्षेत्र के संसाधनों और बनास नदी में बजरी खनन का मुद्दा भी उठाया।

रोशनदा के कार्यक्रम में नरेश मीणा ने साफ संकेत दिया कि उनका फोकस अब बूंदी और बारां के ग्रामीण इलाकों पर है। उन्होंने पंचायत समिति से लेकर जिला परिषद तक चुनाव में अपने समर्थित लोगों को उतारने की बात कही। इसके लिए उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से सीधे समर्थन मांगा। नरेश मीणा की पंचायत चुनाव को लेकर घोषणा ऐसे समय हुई है, जब वे हाल ही में जेल से जमानत पर बाहर आए हैं। इसके बाद अब उन्होंने सार्वजनिक कार्यक्रमों में पहुंचना शुरू कर दिया है।



# जयपुर पहुंचे ORRY, शादी मुबारक कार्यक्रम में दूल्हा बनेंगे: मुंबई से साथ आए बाउंसर्स, टी-शर्ट पर लिखा था 'ओरी गार्ड'



**जूम न्यूज़ • जयपुर**

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरहान अवत्रामणि उर्फ ओरी रविवार को एयर इंडिया की फ्लाइट से जयपुर पहुंचे। जयपुर एयरपोर्ट के बाहर ओरी को देखने के लिए फैंस की भीड़ जमा हो गई। ओरी के साथ मुंबई से बाउंसर्स की एक टीम भी पहुंची। बाउंसर्स ने खास टी-शर्ट पहन रखी थी, जिस पर 'ओरी गार्ड' लिखा हुआ था। एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय ओरी अपने अलग अंदाज में नजर आए। उनके हाथ में पफकॉर्न का बॉक्स था। वह चलते-चलते पफकॉर्न खाते दिखाई दिए। इस दौरान फैंस ने तस्वीरें लेने की कोशिश की। ओरी बाउंसर्स की सुरक्षा के बीच बाहर निकले। दरअसल, जयपुर में 'फेक वेडिंग' कॉन्सेप्ट पर एक इवेंट आयोजित



हुआै। बताया जा रहा है कि इस आयोजन के जरिए किसी फैशन ब्रांड को लॉन्च या प्रमोट किया गया। इसे ओरी की शादी नाम दिया गया है।

ओरी की जयपुर में शादी की खबर सोशल मीडिया पर काफी शेयर की जा रही है। शादी का इनविटेशन कार्ड भी सामने आया है, जिसमें 27 सितंबर की रात 'शादी मुबारक' कार्यक्रम का जिक्र है। कार्ड सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स इसे ओरी की शादी का निमंत्रण मान रहे हैं। इनविटेशन के मुताबिक 26 सितंबर की रात 8 बजे से 'महफिल-ए-सूफियाना' कार्यक्रम हुआ। इसे संगीत और लाइव परफॉर्मेंस से सजी सुरमई शाम के तौर पर पेश किया गया है। 27 सितंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक 'रंग-ए-इश्क' कार्यक्रम में भाग लिया।

## नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म के दोषी को सजा

**नागौर।** करीब दो साल पहले नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में नागौर की विशिष्ट पॉक्सो कोर्ट ने मुख्य आरोपी चन्दन कुमार उर्फ छोटू को दोषी माना है। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 2.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

मामला अगस्त 2024 का है। नाबालिग अपनी मां और दो बहनों के साथ रहती थी। उसकी मां मजदूरी करती थी। घटना वाली रात नाबालिग अपनी दो बहनों के साथ कमरे में सो रही थी, जबकि मां दूसरे कमरे में थी। अभियोजन के अनुसार, देर रात दो लोग कमरे में आए। उन्होंने नाबालिग के मुंह पर हाथ रखा और उसे उठाकर अपने साथ ले गए। कुछ देर बाद मां को बेटी के कमरे में नहीं होने का पता चला। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। बाद में नाबालिग गांव में आती हुई मिली। उसने मां को पूरी घटना बताई।

# झुंझुनूं में 590 ठिकानों पर दबिश, 128 गिरफ्तार किए

## एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई; 40 टन अवैध बजरी भी पकड़ी

**जूम न्यूज़ • झुंझुनूं**

अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए झुंझुनूं पुलिस ने जिलेभर में एक दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान चला। अलसुबह से शुरू हुए अभियान में 64 पुलिस टीमों के 283 अधिकारी-कर्मचारियों ने 590 ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित अपराधियों, गिरफ्तारी वारंटियों, स्थायी वारंटियों, ईनामी अपराधी और अन्य आरोपियों समेत कुल 128 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आबकारी एक्ट के 13 मामले दर्ज कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि अवैध खनन के खिलाफ मंड्रेला और बगड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 40 टन बजरी और 9 टन पत्थर समेत दो वाहन जब्त किए।

### 51 वारंटी पकड़े

अभियान के दौरान इनमें 51 गिरफ्तारी वारंटी, स्थायी वारंटी 12, महिला अत्याचार के मामले में फरार एक आरोपी, गम्भीर अपराधों में वांछित तीन, सामान्य अपराधों में वांछित चार और ईनामी अपराधी एक शामिल हैं। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित एक आरोपी, अवैध शराब के नए मामलों में 10 आरोपी और अन्य अधिनियमों में दर्ज मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शांतिभंग के मामलों में भी 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एरिया डोमिनेशन अभियान में झुंझुनूं कोतवाली थाना पुलिस की कार्रवाई सबसे प्रभावी रही। कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में कुल 17 गिरफ्तारियां कीं।

# एम्स में रेजिडेंट की हड़ताल जारी, सीनियर डॉक्टर्स संभालेंगे ओपीडी: केंद्रीय मंत्री के साथ बातचीत में भी नहीं बनी सहमति, डायरेक्टर के इस्तीफे पर अड़े





ज़ूम न्यूज़ • जोधपुर

जोधपुर एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। रेजिडेंट डॉक्टर्स शनिवार को ओपीडी पहुंचे। अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रेजिडेंट डॉक्टर्स के बीच पहुंचे और बातचीत की। इस दौरान उन्होंने रेजिडेंट्स को सुना और हड़ताल वापस लेने के लिए समझाइश की।

इसके बाद शेखावत ने एम्स के डायरेक्टर डॉ.गोवर्धन पुरी सहित एम्स अधिकारियों के साथ अलग से मीटिंग की। एम्स प्रशासन के साथ शेखावत की बातचीत के बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स के प्रतिनिधिमंडल के साथ उनकी मांगो को लेकर बातचीत हुई। बातचीत में रेजिडेंट्स की मांगों को लेकर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स ने मीटिंग करके हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि रेजिडेंट डॉक्टर राजनरेश यादव ने मंगलवार को सुसाइड किया था। इसके बाद गुरुवार से रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। वहीं एम्स प्रशासन ने रेजिडेंट डॉक्टर के मौत कारणों और परिस्थितियों की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया है। डॉ. सूरजित घटक की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वित्तीय सलाहकार शामिल हैं।

समिति रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ बातचीत करके कर उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार कर रही है। वहीं, एम्स प्रशासन ने रेजिडेंट डॉक्टर्स के बीच ओपीडी फिर शुरू करने का निर्णय लिया है। सीनियर डॉक्टर्स ओपीडी में सुबह 9 बजे से 1 बजे तक मरीजों को को देखेंगे। वहीं, सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी में रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इससे पहले बीती रात रेजिडेंट डॉक्टर्स ने एम्स डायरेक्टर के बंगले के बाहर इस्तीफे की मांग को लेकर धरना दिया। रेजिडेंट रातभर वहीं डटे रहे। रेजिडेंट डॉक्टर्स की मांग है कि मामले में एम्स डायरेक्टर डॉ.गोवर्धन पुरी इस्तीफा दें और एडमिनिस्ट्रेशन सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। साथ ही परिवार को मुआवजा दिया जाए। गुरुवार से डॉक्टर्स की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। ओपीडी का बहिष्कार किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### भूंगरा में रिख भूरादास महाराज के समाधि स्थल पर मेला



ज़ूम न्यूज़ • शेरगढ़

भूंगरा ग्राम पंचायत में योगेश्वर रिख भूरादास महाराज के जीवित समाधि स्थल पर शनिवार को मेला लगा। सुबह से ही आसपास के गांवों से श्रद्धालु पहुंचने लगे। दोपहर तक समाधि स्थल पर भीड़ बढ़ गई। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि मांगी। मेले से एक दिन पहले शुक्रवार रात जागरण और भजन संध्या हुई। देर रात तक भजन-कीर्तन चला। भजन कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखे। मेले में हाट बाजार खास रहा। मेला समिति ने दुकानदारों को तीन दिन पहले रसीद दी और दो दिन पहले जगह आवंटित की। यहां मिठाई, खिलौने, मणिहारी, फल, कपड़े, बर्तन और घरेलू सामान की दुकानें सजीं। बच्चों ने खिलौने खरीदे, महिलाओं ने मणिहारी व कपड़ों की खरीदारी की। हाट बाजार में दिनभर आवाजाही दिखी। भूंगरा सहित आसपास के गांवों से लोग मेले में आए। व्यवस्थाओं में मेला समिति और ग्रामीणों ने मदद की।

### जैन भक्ति कॉन्सर्ट, भजनों पर मोबाइल फ्लैश लाइट से रोशन पांडाल

ज़ूम न्यूज़ • पाली

पाली शहर के अणुव्रत नगर में शनिवार शाम जैन युवा संगठन की ओर से जैन भक्ति कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। गायक विक्की डी. पारेख ने भक्ति रस में डूबे भजनों की प्रस्तुति देकर जैन समाजबंधुओं को देर रात तक बांधे रखा। उनके भजनों पर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर डांस करने लगे। भगवान महावीर के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति पर भी उन्हें खूब वाहवाही मिली। धार्मिक संध्या में सुर, भक्ति और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। अणुव्रत नगर में मेला रविवार को भरेगा। नवकार महामंत्र के महाजाप के बाद विक्की डी. पारेख ने 'भक्ति की है रात, दादा आज थणे आणो है...', 'तुमरे बिन हमरा कौनो ना ही...', 'मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, दादा आएंगे...', 'जब-जब कोई नहीं आता, मेरे प्रभु आते हैं', 'आप जैसा बनूं भगवान...', 'ऊंचा अंबर आप जैसा बनूं प्रभु...' और 'आप भी आवो ने प्रभुजी...' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के दौरान श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए। कार्यक्रम का रोमांच उस समय चरम पर पहुंच गया, जब पारेख ने जैन प्राइड एंथम 'हम सब जैन हैं...' प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर हाथ हवा में लहराए। थ्री-डी लेजर लाइट्स, एलईडी स्क्रीन और हाईटेक साउंड सिस्टम के बीच टिमटिमाती रोशनी का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। देर रात तक भक्ति का यह कारवां चलता रहा।

# जोधपुर के होटल में तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत: दिनदहाड़े मकान में घुसे चोर, ज्वेलरी शोरूम के कर्मचारी ने सोना चुराकर बेचा

ज़ूम न्यूज़ • जोधपुर

जोधपुर शहर और आसपास के इलाकों में बीते 24 घंटों में मौत, सुसाइड, चोरी, धोखाधड़ी, मारपीट और मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामले सामने आए हैं। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध गतिविधियों में लिप्त कई आरोपियों को धर दबोचा है। बनाड़ थाना पुलिस ने गश्त के दौरान जोजरी नदी पुलिया के पास एक बाइक सवार संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी दीपक जाट (32), निवासी जालेली नायला के कब्जे से 968 ग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच मंडोर थानाधिकारी को सौंपी है। सरदारपुरा स्थित मनोहर ज्वेलर्स में धोखाधड़ी और चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

दुकान में कार्यरत कर्मचारी सवाईराम जोशी ने शोरूम से करीब 30 पीस सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इसके बाद उसने फाइनेंस कंपनियों के कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर चोरी के गहनों पर लोन ले लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी सवाईराम को गिरफ्तार कर लिया है। करवड़ थाना क्षेत्र के गंगाणी गांव में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित रेवंतसिंह गहलोत ने रिपोर्ट दी कि अज्ञात बदमाश घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा 1,30,000 रुपए नगद चोरी कर फरार हो गए। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

### रुपए न देने पर कबाड़ी पर जानलेवा हमला

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के सांसी कॉलोनी, 5 बत्ती चौराहे पर स्थित एक कबाड़ की दुकान में घुसकर कालू नामक युवक ने तोड़फोड़ की और रुपयों की मांग की। दुकान मालिक जावेद अली द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। शिखर होटल में ठहरे कमलसिंह राठौड़ (35), निवासी सीकर की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मोरटुका गांव में भंवरलाल जाट की ट्रैक्टर से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। 34 करणी नगर में 23 वर्षीय नरेंद्र गौड़ ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में पंखे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# हाईकोर्ट के 37 जजों को मिली नए जिलों की जिम्मेदारी: दौरे से पहले चीफ जस्टिस को देनी होगी सूचना, प्रभार में बदलाव

ज़ूम न्यूज़ • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय के. अग्रवाल ने जिला प्रभारी यानी संरक्षक जजों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया है। हाईकोर्ट प्रशासन ने एक आदेश जारी कर 37 न्यायाधीशों को अलग-अलग न्यायिक जिलों की संरक्षकता सौंपी है। पुराने आदेशों को खत्म कर ये नई जिम्मेदारियां लागू की गई हैं। नए आदेश के मुताबिक, संरक्षक जजों को अपने न्यायिक क्षेत्र के दौरे से पहले मुख्य न्यायाधीश को जानकारी देनी होगी। दौरे का कार्यक्रम इस तरह तय करने को कहा गया है, जिससे कोर्ट के काम पर असर न पड़े।

### जस्टिस विनीत कुमार माथुर को जोधपुर महानगर संरक्षक

नए आवंटन में जस्टिस विनीत कुमार माथुर को जोधपुर महानगर व उदयपुर, जस्टिस इंद्रजीत सिंह को जयपुर महानगर-प्रथम, जस्टिस अरुण मोंगा को भीलवाड़ा व प्रतापगढ़, जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल को जयपुर महानगर-द्वितीय, जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण को गंगानगर व बालोतरा, जस्टिस फरजंद अली को बीकानेर व डूंगरपुर, जस्टिस सुदेश बंसल को कोटा, जस्टिस अनूप कुमार ढंढ को अजमेर का संरक्षक न्यायाधीश बनाया गया है। जस्टिस विनोद कुमार भरवानी को अलवर, जस्टिस उमा शंकर व्यास को भरतपुर, जस्टिस रेखा बोराना को चित्तौड़गढ़ व जैसलमेर, जस्टिस समीर जैन को जयपुर जिला, जस्टिस कुलदीप माथुर को पाली व फलोदी, जस्टिस शुभा मेहता को सीकर, जस्टिस गणेश राम मीणा को झुंझुनूं, जस्टिस अनिल कुमार उपमन को दौसा, जस्टिस डॉ. नूपुर भाटी को हनुमानगढ़ व सलूंबर, जस्टिस अशोक कुमार जैन को टोंक, जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित को चूरू, जस्टिस भुवन गोयल को बूंदी, जस्टिस प्रवीण भटनागर को झालावाड़, जस्टिस आशुतोष कुमार को बारां, जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा को मेडता, जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर को कोटपूतली-बहरोड़, जस्टिस चंद्र प्रकाश श्रीमाली को धौलपुर, जस्टिस मनीष शर्मा को सवाई माधोपुर, जस्टिस आनंद शर्मा को ब्यावर, जस्टिस सुनील बेनीवाल को राजसमंद, जस्टिस मुकेश राजपुरोहित को बाड़मेर, जस्टिस संदीप शाह को बांसवाड़ा, जस्टिस संदीप तनेजा को खैरथल-तिजारा, जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू को जालोर, जस्टिस बिपिन गुप्ता को सिरोही, जस्टिस संजीत पुरोहित को डीडवाना-कुचामन, जस्टिस रवि चिरानिया को करौली, जस्टिस अनूरूप सिंघी को डीग व जस्टिस संगीता शर्मा को जोधपुर जिला का प्रभार दिया गया है। आदेश में गार्जियन जजों की भूमिका भी तय की गई है। वे अपने क्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों की दक्षता और ईमानदारी का आकलन कर मुख्य न्यायाधीश को सलाह देंगे।

# नाबालिग का अपहरण करने वाला आरोपी अहमदाबाद से गिरफ्तार

- 9 माह से फरार था, पुलिस ने नाबालिग को भी डिटेन किया

ज़ूम न्यूज़ • बाड़मेर

बाड़मेर पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर ले जाने वाले आरोपी को 9 माह बाद अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग को भी डिटेन कर लिया है। आरोपी रतन कुमार उर्फ रतनलाल पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

3 फरवरी 2026 को नाबालिग के पिता ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि रतन कुमार उर्फ रतनलाल उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी और नाबालिग की तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी दोनों का पता नहीं चला। इसके बाद एसपी ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया।

एसपी चूनाराम जाट ने बताया पुलिस मुख्यालय और जोधपुर रेंज आईजी के निर्देश पर वांटेड आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी नितेश आर्य और डीएसपी पदमदान रतनू के सुपरविजन में शिव थानाधिकारी डॉ. मनोहर विश्नोई के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने आरोपी रतन कुमार और नाबालिग के बारे में तकनीकी और गोपनीय जानकारी जुटाई। इस दौरान सूचना मिली कि दोनों अहमदाबाद के साबरमती इलाके में हैं।

# गुजरात से घूमने आए 4 दोस्त, कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

ज़ूम न्यूज़ • बाड़मेर

बाड़मेर में कार ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। इनमें एक बाइक पर था जबकि दूसरा कार में था। कार सवार 3 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को काफी देर तक मदद नहीं मिली। वे गाड़ी में ही फंसे रहे। हादसा रविवार सुबह करीब 8 बजे ग्रामीण थाना इलाके में NH-68 (जैसलमेर-बाड़मेर) पर भाडखा के पास हुआ। कार में चार दोस्त सवार थे। वे सूरत (गुजरात) से 15 दिन का प्लान बनाकर घूमने निकले थे। रास्ते में पेट्रोल पंप पर रुककर आराम करने के बाद निकलते ही एक्सीडेंट हो गया।



बाड़मेर ग्रामीण थाना अधिकारी जसवंत सिंह राजपुरोहित ने बताया- गुजरात के सूरत निवासी राहुल (28) पुत्र रमेश भाई प्रजापति तीन दोस्तों मोहित कुमार, पार्थ वरिया और आकाश के साथ स्विफ्ट कार से घूमने निकला था। चारों गुरुवार रात सूरत से रवाना हुए थे। इसके बाद जैसलमेर के सम से शनिवार रात करीब 12 बजे बाड़मेर के लिए निकले। रविवार सुबह भाडखा के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी कार की टक्कर हो गई। बाइक पर तिरसिंगड़ी (बाड़मेर) निवासी छोगाराम (20) पुत्र श्रवण राम था। हादसे में राहुल और छोगाराम की मौत हो गई। मोहित, पार्थ और आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों का जिला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

### घायलों को मदद नहीं मिली, गाड़ी में फंसे रहे

घायल आकाश ने बताया- हमने 15 दिन घूमने का प्लान बनाया था। हमने NH-68 पर भाडखा के पास पेट्रोल पंप पर करीब 4-5 घंटे सोकर आराम किया था। रविवार सुबह वहां से निकले थे। कुछ दूर जाने के बाद सामने से बाइक आई और दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। आकाश ने बताया- मौके पर लोग मौजूद थे, लेकिन उन्होंने हमें गाड़ी से बाहर निकालने में मदद नहीं की। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहुल और छोगाराम के शव मॉर्च्युरी में रखवाए। छोगाराम जैसलमेर के फतेहगढ़ जा रहा था। वह पेंटर था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राहुल सूरत में कार डेकोरेशन का काम करता था। वहीं घायल आकाश रेस्टोरेंट संचालक है।

# जोधपुर-चेन्नई के बीच चलेगी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन: तकनीकी काम से तीन ट्रेनों का रूट बदलेगा, लीलण-मरुधर समेत 3 ट्रेनें डायवर्ट

ज़ूम न्यूज़ • जोधपुर

त्योहार के सीजन में यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए रेलवे ने जोधपुर से चेन्नई के बीच फेस्टिवल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन जोधपुर और MGR चेन्नई सेंट्रल के बीच 9-9 ट्रिप करेगी। इससे राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के यात्रियों को त्योहार के दौरान अतिरिक्त आवागमन सुविधा मिलेगी। वहीं, तकनीकी कार्य के चलते लीलण, मरुधर और भोपाल-जोधपुर समेत कुछ ट्रेनों का संचालन बदले हुए मार्ग से किया जाएगा। रेलवे के इस बदलाव से यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी ट्रेन का रूट और शेड्यूल जरूर देखना होगा। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए जोधपुर-चेन्नई के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन मेड़ता रोड, डेगाना और जयपुर के रास्ते किया जा रहा है।

ट्रेन संख्या 04815 जोधपुर-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल 3 अक्टूबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को रात 9.20 बजे जोधपुर से रवाना होगी और सोमवार रात 8 बजे एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04816 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल 6 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को शाम 5.15 बजे रवाना होकर गुरुवार रात 8.30 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

### 19 डिब्बों की होगी ट्रेन

सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए 2 सेकेंड एसी,13 थर्ड एसी, 2 स्लीपर और 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 19 डिब्बे होंगे।

### इन स्टेशनों पर ठहराव

फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का दोनों दिशाओं में मेड़ता रोड,डेगाना, मकराना,कुचामन सिटी,फुलेरा,जयपुर,दुर्गापुरा,सवाई माधोपुर,सोगरिया,बारां, छबड़ा गोर,रुठियाई,गुना,बीना,भोपाल,इटारसी,नागपुर,बल्लारशाह,सिरपुर कागजनगर,मंचेरियल, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, बापटला, चिराला, ओंगोल, नेल्लौर, गुडूर और नायडूपेटा पर ठहराव रहेगा।

**तकनीकी काम से चार ट्रेनों के मार्ग बदले, कई स्टेशनों पर ठहराव रद्द:** जोधपुर मंडल के विभिन्न रेलखंडों पर तकनीकी कार्य के चलते 4 ट्रेनों का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। इस दौरान कई स्टेशनों पर इन ट्रेनों के ठहराव नहीं होंगे। मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि कुचामन सिटी-नया खारड़िया के बीच ब्रिज संख्या 43 और उम्मेद-खारिया खंगार के बीच ब्रिज संख्या 35 व 39 पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जा रहा है। इस काम के चलते लिए जाने वाले ब्लॉक के कारण ट्रेन संख्या 14707 हनुमानगढ़-दादर एक्सप्रेस 29 सितंबर को हनुमानगढ़ से परिवर्तित मार्ग लालगढ़-फलोदी-जोधपुर होकर संचालित होगी। यह ट्रेन फलोदी स्टेशन पर ठहरेगी,जबकि बीकानेर,देशनोक,नोखा,नागौर,मारवाड़ मूंडवा,मेड़ता रोड और गोटन में ठहराव नहीं करेगी। ट्रेन संख्या 12467 जैसलमेर-जयपुर लीलण एक्सप्रेस 3 अक्टूबर को जैसलमेर से बीकानेर-रतनगढ़-चूरू-जयपुर होकर चलेगी। परिवर्तित मार्ग में श्रीडूंगरगढ़,रतनगढ़,चूरू,सीकर,रींगस और जयपुर में ठहराव होगा। वहीं देशनोक,नोखा, नागौर,मारवाड़ मूंडवा,मेड़ता रोड बाईपास केबिन,रेन,डेगाना,गच्छीपुरा,मकराना, कुचामन सिटी,नावां सिटी,सांभर लेक,फुलेरा,आसलपुर जोबनेर और कनकपुरा में ठहराव नहीं होगा।

# मैराथन में पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़: सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में हुए कार्यक्रम



**पाली**। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में रविवार सुबह 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। दौड़ पाली शहर के नया बस स्टैंड से सुबह रवाना हुई। जो शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए लाखोटिया तालाब पहुंच सम्पन्न हुई। रेस को एएसपी जयसिंह तंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेस में शामिल पुलिसकर्मी शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए दौड़ते हुए लाखोटिया गार्डन पहुंचे जहां रेस का समापन हुआ। सोमवार सुबह पुलिस लाइन में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। रैली में पुलिसकर्मी, होमगार्ड जवान सहित कई जने शामिल रहे।

### बेटी दिवस 2026 पर 25 बेटियों का सम्मान

# 'बेटों से कम नहीं बेटियां, अवसर मिले तो हर क्षेत्र में रचेगी इतिहास'

**जूम न्यूज • जोधपुर**

बेटी एक मुस्कान नई सोच संस्थान के तत्वावधान में रविवार को लक्की बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार हॉल में बेटी दिवस के अवसर पर 25 प्रतिभाशाली बेटियों का व 6 स्पेशल अवॉर्ड सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, कला, खेल, संगीत, नृत्य ,गायन, अभिनय विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों से पहचान बनाने वाली बेटियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने बेटियों के सम्मान, शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। सभी अतिथियों ने लगभग दो-दो मिनट के संबोधन में बेटियों को आगे बढ़ाने और समाज में समान अवसर देने का संदेश दिया डॉ.आनंदराज पुरोहित, जिलाध्यक्ष, सर्व ब्राह्मण महासभा, ने कहा कि बेटियां परिवार और समाज की शक्ति हैं तो अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक,एफडीडीआई जोधपुर ने कहा कि आज की बेटियां अपनी प्रतिभा से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। बेटियों को सपने देखने के साथ उन्हें पूरा करने के लिए सही अवसर और मार्गदर्शन देना जरूरी है वहीं शिवनारायण कच्छवाहा, सेक्रेट्री, लक्की शिक्षण संस्थान ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बेटियों को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाती है। समाज को बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए वही महावीर चौपड़ा, लघु उद्योग भारती, राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोधपुर प्रभारी ने कहा कि बेटियों को केवल सम्मान नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी मिलने चाहिए। विशिष्ट अतिथि



कायनात शेख़, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायाधीश, सोजत, पाली ने बेटियों के अधिकारों और कानून के प्रति जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और उन्हें किसी भी अन्याय के सामने चुप नहीं रहना चाहिए तो डॉ. प्रियंका अरोड़ा, परामर्श मनोवैज्ञानिक, संस्थापक एवं निदेशक ने कहा कि बेटियों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और भावनात्मक मजबूती पर भी उतना ही ध्यान देना जरूरी है, जितना उनकी शिक्षा और करियर पर वही अर्जुन सांखला, प्रिंसिपल, लक्की इंस्टीट्यूट ने कहा कि बेटियों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सही दिशा और मंच देना ही उनके उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत शुरुआत है संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा भंडारी ने कहाबेटियां आज बेटों से कम नहीं जरूरत केवल उन्हें अवसर, विश्वास और सुरक्षित वातावरण देने की है।उन्होंने कहा कि बेटी एक मुस्कान नई सोच संस्थान पिछले सात वर्षों से जरूरतमंद और वंचित बेटियों की शिक्षा, सहायता और सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था भविष्य में भी जरूरतमंद बच्चियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और उनके सपनों को पूरा करने में हरसंभव सहयोग करेगी संस्था के कोषाध्यक्ष एवं फिल्म निर्देशक सुनील पुरोहित ने बेटियों के सम्मान और उनके साथ होने वाले सामाजिक अन्याय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज में बेटियों के साथ होने वाली दहेज प्रताड़ना, भेदभाव और गलत व्यवहार को केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि जागरूकता का विषय बनाना होगा।

#### इनका हुआ सम्मान

हृदया पुरोहित, निशा टाक, पायल भाटी, श्रावया गहलोत, गीताक्षी कन्नौजिया, अनु गहलोत पूजा सोलंकी, पुष्पा परिहार, पूजा परिहार, मोनिका परिहार प्रियांशा चौधरी, सुशीला रानेजा, अंशिका परिहार, दीप्ति गोयल, मुस्कान समीर, डॉ. मोनिका व्यास, माहिना जैन, विपुला व्यास, रितिका व्यास एडवोकेट संजना पुरोहित, रेखा बालर, अनुपमा वकील, पुष्पा मित्तल, डॉ. श्वेता कच्छवाह, अदिति टेलर, भागवत चौहान, स्वाति पुरोहित, लता परिहार सीमा व्यास, स्वाति, सीमा पिल्लई, निमिषा व्यास, रक्षिता बाफना और शानू शेख है। कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य एवं सहयोगी जितेंद्र व्यास, नरेश चौहान, अरुण गहलोत, दीपक नाथ, गजेंद्र सिंह पवार, शौकत अली, चंद्रशेखर प्रजापत, आशीष कनोजिया एवं उदय राज पुरोहित सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे मंच का संचालन सुनील पुरोहित ओर पंकज बिस्सा ने किया।

**ब्रीफ न्यूज**

## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रमः वर्कर, हेल्पर एवं आशाओं का सम्मान



**जूम न्यूज • बिलाड़ा**

कस्बे महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं. 2 में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड संख्या 9 पर रविवार को विकसित भारत–जन सेवा अभियान के तहत 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' आयोजित किया गया। जिसमें बिलाड़ा शहर की सात आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशाओं एवं उनके लाभार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पोषण माह की तर्ज पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी हुआ। उपस्थित लाभार्थियों को पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और आंगनबाड़ी सेवाओं के महत्व को बताया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ताराचंद रामावत ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रमुख कड़ी हैं। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बाल विकास में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशाओं को तुलसी के पौधे तथा प्रधानमंत्री के संदेश की फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ताराचंद रामावत, वार्ड पार्षद महबूब हसन, वार्ड पार्षद जमालुद्दीन, बाल रक्षा भारत के ललित कुमार, शाला प्रधानाध्यापक अशोक कुमार गुप्ता, अर्पण सेवा संस्थान कॉर्डिनेटर खुशबू प्रजापत, मुकेश चौधरी, अतीका बानू, आगनबाड़ी कार्यकर्ता सरला चौहान, दुर्गा गौरी, रेखा चावला, उषा सोनी, सरिता कटारिया, लीला देवी, सज्जन देवी सहित सहायिकाएं, आशाएं एवं गर्भवती, धात्री महिलाएं व बच्चे मौजूद रहें।

## 21वीं सदी के कौशल एवं जीवन कौशल विकास आधारित प्रबल कार्यक्रम



**जूम न्यूज • जैतारण**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरोल में प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी के निर्देशन में आज दिनांक 26.09.2026 को प्रबल कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबल कार्यक्रम प्रभारी दिनेश सांखला ने बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 21वीं की कौशल एवं जीवन कौशल विकास के संदर्भ में व्यक्तित्व विकास हेतु 14 विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। उक्त कार्यक्रम में छात्रा वर्ग में मान्यता कक्षा 9 तथा छात्र वर्ग में विरेंद्र कक्षा 12 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त दोनों विद्यार्थी दिनांक 29.09.2026 को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतारण में भाग लेंगे। छात्रा मोनिका कक्षा 10 का राज्य स्तरीय कबड्डी टीम में चयन होने पर बधाई दी गई एवं छात्रा का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी, व्याख्याता केशाराम, व्याख्याता दिनेश सांखला, छात्र नक्श तथा छात्रा विजयश्री ने निर्णायक की भूमिका अदा की। इस मौके पर ओम प्रकाश जांगिड़ व्याख्याता, आवड़दान, किशनलाल भाटी, हरजीराम, अशोकनाथ, रामाकिशन, बलदेव राम, हेमलता सारण, रश्मि फुलवारी, बबीता सिंगारिया, चंपा देवी, अनीता मीणा, सुमन मेहरा, सूर्या चौहान सहित संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहे।

## संसदीय कार्य मंत्री सोमवार को युवा संवाद कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**जूम न्यूज • जोधपुर**



संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल सोमवार, 28 सितम्बर को प्रातः 11 बजे माउंट कार्मेल स्कूल डिगाडी कला में युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे दोपहर 1.05 बजे पाल रोड स्थित पंचायत समिति लूणी सभागार में विधानसभा क्षेत्र लूणी के जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। वे दोपहर 3 बजे से सांय 7.30 बजे तक विधानसभा क्षेत्र लूणी में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे रात्रि 8.30 बजे रेलवे स्टेशन जोधपुर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 32 रास्तों और 6 उच्च जलाशयों सहित 40 मामलों में भूमि आवंटित

**जूम न्यूज • बाड़मेर**

विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत रविवार को गिरदावर वृत्त धोरीमन्ना में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में गिरदावर मंडल धोरीमन्ना की 11 ग्राम पंचायतों एवं सभी पटवार मंडलों से पहुंचे ग्रामीणों ने 22 विभागों की 95 प्रकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लिया। देर शाम तक शिविर में लाभार्थियों की भीड़ रही। धोरीमन्ना उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। धोरीमन्ना गिरदावर मंडल में 32 स्थायी चालू रास्तों को राजस्व अभिलेख में गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने के आदेश मौके पर जारी किए गए। इसके अलावा भागभरे की बेरी तथा प्राथमिक विद्यालय सुथारों की बेरी के लिए भूमि आवंटित की गई। नर्मदा नहर आधारित पेयजल परियोजना के तहत आजाणियों की ढाणी, मिसरी की बेरी, रामेश्वर नगरी, पेमा नगरी, सनावड़ा कल्ला और मघे की ढाणी में उच्च जलाशयों





के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई। इस प्रकार पेयजल सुविधा से जुड़े छह मामलों में ग्रामीणों को लाभ मिला। कृषि विभाग की तारबंदी योजना के तहत बूढ़े का तला निवासी खेमाराम और धुर मोहम्मद को 40-40 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी कर लाभान्वित किया गया। रामदेव नगर और खरड़ के दो दर्जन लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। वहीं गड़रा निवासी हनुमानाराम को गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना का लाभ दिया गया।

पशुपालन विभाग की मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत लोहरवा निवासी गोलू देवी, जूनाखेड़ा निवासी सोहनी देवी और लोलो की बेरी निवासी पेमी देवी को डीबीटी के माध्यम से 40-40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई,शिविर में आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तहसीलदार धोरीमन्ना चंद्रप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी गोकलाराम सुथार, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश विश्नोई, बीसीएमओ डॉ. महिपाल, कृषि सुपरवाइजर दिनेश कुमार, पार्षद अशोक कुमार विश्नोई, लक्ष्मण भार्गव, कार्यकर्ता मनीष पुंगलिया, असली बामनिया सहित 22 विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे।

# विकसित भारत जन सेवा अभियान अभियान व सेवा सेतु शिविरः योजनाओं की जानकारी दी

**जूम न्यूज • आऊ**

विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत गिरदावर मुख्यालय मोरिया में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 3 लाभार्थियों को पॉलिसी वितरित की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पेंशन एवं पालनहार योजना के बारे में जानकारी दी गई। पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2 लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय प्रोत्साहन





राशि की कार्यवाही, PMAY-G के पूर्ण आवासों की जियो-टैगिंग कर द्वितीय एवं तृतीय किश्त जारी करने की कार्यवाही की गई।सामुदायिक स्वच्छता परिसर की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक से बचाव एवं बर्तन बैंक स्थापना के लिए जागरूक किया गया। राजस्थान संपर्क पोर्टल के असंतुष्ट प्रकरणों में परिवादियों से दूरभाष एवं शिविर में प्रत्यक्ष संवाद कर आवश्यक कार्यवाही की गई। राजीविका सीआरपी टीम ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आजीविका एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी राणाराम ने सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को शिविर की गतिविधियों को ऑनलाइन पोर्टल पर तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए।

# ब्यावर जिला व्यापार संघ की गवर्निंग बॉडी बैठक में संजय घीया पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**जूम न्यूज • ब्यावर**

जिला व्यापार संघ की कोर कमेटी एवं गवर्निंग बॉडी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार रात्रि तिरुपति ढोसा, कॉलेज रोड पर आयोजित की गई। बैठक में व्यापार संघ के आगामी दायित्वों, व्यापारियों की समस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से श्री संजय घीया को पुनः ब्यावर जिला व्यापार संघ के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। गवर्निंग बॉडी द्वारा उन्हें अगले 5 वर्षों की अवधि के लिए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संजय घीया के नेतृत्व में व्यापार संघ ने व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने



तथा प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया है। उनके पुनः अध्यक्ष बनने से संगठन में और अधिक मजबूती एवं एकजुटता आने की उम्मीद व्यक्त की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय घीया ने सभी व्यापारियों एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें पुनः जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी हित, संगठन की एकता और ब्यावर के व्यापारिक क्षेत्र के विकास के लिए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।अतिशीघ्र सभी वर्गीकृत व्यापारी साथियों को साथ लेकर कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी,,,पिछले पाँच वर्षों में व्यापारी जगत की एकता पर कार्य कर सम्पूर्ण ज़िले में व्यापारी वर्ग को एक सूत्र में बांधने पर कार्य कर सफलता प्राप्त की गई, अगले पाँच वर्षों में व्यापारी एकता के साथ साथ नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने पर कार्य किया जाएगा ।

## साथीन-रतकुड़िया मार्ग पर रेलवे फाटक आज 12 घंटे रहेगा बंद

**जूम न्यूज • पीपाड़ सिटी**

साथीन-रातकुड़िया स्टेट हाईवे 86-सी पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 128 पर रेल कार्य के चलते सोमवार सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक आवागमन बंद रहेगा।रेलवे की ओर से फाटक पर आवश्यक कार्य किया जाएगा। इस दौरान भावी से खींवसर स्टेट हाइवे पर साथीन-रातकुड़िया मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वाहन चालकों से अपील है कि वे आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें और रेलवे प्रशासन का सहयोग करें।

# 70वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस एवं नेटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

### गौशाला क्रीड़ा संगम में होगा भव्य उद्घाटन समारोह, प्रदेशभर के खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

**जूम न्यूज • जोधपुर**

माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान, बीकानेर के निर्देशानुसार माध्यमिक शिक्षा विभाग, जोधपुर के तत्वावधान में 70वीं राज्य स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय छात्र-छात्रा लॉन टेनिस तथा 14 वर्षीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 सितंबर से 04 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन समारोह कल प्रातः 8:30 बजे गौशाला क्रीड़ा संगम, गौशाला मैदान, जोधपुर में आयोजित किया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा विभाग जोधपुर प्रतिभा शर्मा ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसन्नचंद मेहता, महापौर, नगर निगम जोधपुर करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व चेयरमैन, जेडीए जोधपुर,जिला कलेक्टर जोधपुर आलोक रंजन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जोधपुर आशीष मिश्रा होंगे । साथ ही एन.डी. निम्बावत, अध्यक्ष, इंडिगो पब्लिक स्कूल तथा सुदर्शन अरोड़ा, निदेशक, इंडिगो पब्लिक स्कूल भी विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगे।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा विभाग जोधपुर विशाल शर्मा ने बताया कि 70वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत 17 एवं 19 वर्षीय छात्र एवं छात्रा वर्ग की लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुलिस लाइन, जोधपुर द्वारा तथा 14 वर्षीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन इंडिगो पब्लिक स्कूल, जोधपुर द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से प्रतिभावान खिलाड़ी भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।मीडिया प्रभारी केसर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि समाचार लिखे जाने तक लगभग लॉन टेनिस में राज्य भर के विभिन्न जिलों की टीमों के 17 व 19 वर्ष में 259 छात्र एवं 217 छात्रा खिलाड़ी कुल 476 खिलाड़ी व 57 ऑफिसियलस अभी तक जोधपुर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पहुंच चुके है। संयोजक अशोक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को लेकर आज गौशाला मैदान स्थित सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, माध्यमिक शिक्षा, जोधपुर प्रतिभा शर्मा के निर्देशन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें आवश्यक कार्य एवं दायित्व आवंटित किए गए।

इस अवसर पर एडीईओ विशाल शर्मा, उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद भूपेंद्र सिंह सोढ़ा एवं प्राचार्य श्रवण मालवीय ने प्रतियोगिता की विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों, टीम प्रभारियों, निर्णायकों एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### 70वीं 14 वर्षीय प्राथमिक-उच्च प्राथमिक विद्यालयी प्रतियोगिता का होगा समारोहपूर्वक शुभारंभ

# पाली में राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता आज से

**जूम न्यूज • पाली**

शहर के सेंट जेवियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार से 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयी लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक आगाज होगा। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में रविवार को आयोजनकर्ता विद्यालय एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। सेंट जेवियर उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक उमा यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार सुबह 9 बजे होगा। प्रतियोगिता के तहत होने वाले सभी मुकाबले डिस्ट्रिक्ट क्लब एवं रेनबो विद्यालय के खेल मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के पंजीकरण से लेकर प्रतियोगिता संचालन और पुरस्कार वितरण तक विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है।

प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए उद्घाटन, स्वागत, पूछताछ कार्यालय, नियंत्रण कक्ष, पंजीकरण एवं अभिलेख संधारण, योग्यता



प्रमाण जांच, प्रमाण पत्र लेखन, कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा पुरस्कार वितरण सहित विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों, टीम प्रभारियों एवं अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

#### मंत्री कुमावत मुख्य अतिथि

प्रधानाचार्य एवं संयोजक उमा यादव ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पशुपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत एवं जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी होंगे। समारोह में सांसद पी.पी. चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, नगर निगम महापौर नमिता बुबकिया, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कानाराम वागोरिया, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, एडीईओ प्रारंभिक तेज सिंह पंवार, उप जिला शिक्षा अधिकारी शा. शिक्षा बलवीर सिंह राणावत एवं राजेश पाटनेचा अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को लेकर सह संयोजक पिनल मोदी, स्टाफ सचिव राहुल परमार, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, जिला खेलकूद प्रभारी छेलेन्द्र सिंह राठौड़, कार्यालय खेलकूद प्रभारी लालचंद प्रजापति, शारीरिक शिक्षक भवानी बालवंशी, मुकेश मेवाड़ा, मनोहर सिंह मुसालिया, अरुण चौधरी, विकास राजपुरोहित, जसाराम सहित आयोजन टीम के सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से पहुंचने वाले खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों के लिए आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं।

# फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर की ओर से 17वां ACE सेप्सिस सिम्पोजियमः सेप्सिस की समय पर पहचान, तुरंत उपचार और गंभीर मरीजों की बेहतर देखभाल पर मंथन

**जूम न्यूज • जयपुर**

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर में 17वें ACE सेप्सिस सिम्पोजियम 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर के प्रमुख क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों और चिकित्सा विशेषज्ञों ने एक मंच पर आकर सेप्सिस जैसी गंभीर स्थिति की पहचान, उपचार और मरीजों की देखभाल से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने अनुभव और जानकारी साझा की। यह सिम्पोजियम ACE द्वारा Life Savers in Action के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञों को सेप्सिस के प्रबंधन में नवीनतम जानकारी, बेहतर क्लिनिकल प्रक्रियाओं और व्यावहारिक अनुभवों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान सेप्सिस की शुरुआती पहचान, समय पर चिकित्सकीय निर्णय, वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित उपचार और विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने व्याख्यान एवं पैनल चर्चाओं के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। इनमें डॉ. श्रीनिवास समावेदम, कंसल्टेंट एवं हेड, क्रिटिकल केयर, सिंधु हॉस्पिटल, हैदराबाद; डॉ. संजीत शशिधरन, मेडिकल डायरेक्टर, केयर फोर्टिस ब्रीच हॉस्पिटल, मुंबई; डॉ. परीक्षित प्रयाग, हेड, क्रिटिकल डिजीज स्पेशलिस्ट, दीनानाथ मंगेशकर हॉस्पिटल, पुणे; डॉ. रवि जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, MGMCH, जयपुर; तथा डॉ. श्रीकांत श्रीनिवासन,




चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन, मणिपाल हॉस्पिटल्स, दिल्ली शामिल रहे। चर्चाओं में क्रिटिकल केयर के दौरान सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों पर भी विस्तार से विचार किया गया। इनमें मरीज की स्थिति के शुरुआती जोखिम का आकलन, स्वास्थ्य में होने वाले छोटे लेकिन महत्वपूर्ण बदलावों की पहचान, समय पर आवश्यक उपचार शुरू करना और मरीज की स्थिति की लगातार निगरानी एवं दोबारा जांच करना प्रमुख विषय रहे।

इस अवसर पर डॉ. पंकज आनंद, डायरेक्टर – इंटरनल मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर, फोर्टिस हॉस्पिटल , जयपुर ने कहा, "सेप्सिस में मरीज की स्थिति बहुत तेजी से गंभीर हो सकती है। ऐसे में शुरुआती संकेतों को समय पर पहचानना और तुरंत सही उपचार शुरू करना बेहद महत्वपूर्ण है। इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से हम चिकित्सा की स्थापित प्रक्रियाओं की समीक्षा करने, जटिल परिस्थितियों से सीखने और अलग-अलग संस्थानों के अनुभवों को साझा करने का अवसर प्राप्त करते हैं। इससे मरीजों की देखभाल में वैज्ञानिक एवं प्रमाण-आधारित दृष्टिकोण को और मजबूत करने में मदद मिलती है।"

डॉ. मनीष कुमार अग्रवाल, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल , जयपुर ने कहा, "हम चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर सीखने और क्लिनिकल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ACE सेप्सिस सिम्पोजियम जैसे मंच चिकित्सा विशेषज्ञों को अपने अनुभव और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करने तथा उपचार की बदलती एवं बेहतर होती प्रक्रियाओं को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के प्रयास गंभीर रूप से बीमार मरीजों की देखभाल को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।"

17वें ACE सेप्सिस सिम्पोजियम 2026 का समापन चिकित्सा संस्थानों के बीच निरंतर सहयोग, पेशेवर ज्ञान के आदान-प्रदान और क्रिटिकल केयर में वैज्ञानिक एवं प्रमाण-आधारित उपचार पद्धतियों को और मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अभय नोबल्स स्कूल तखतगढ़ चैंपियन

**जूम न्यूज • तखतगढ़**

जिला स्तरीय माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वितीय चरण के तहत, आयोजित 17 एवं 19 वर्षीय वॉलीबॉल छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार शाम श्री अभय नोबल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व सहायक कलेक्टर ओटाराम जी मीणा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। 19 वर्षीय आयुवर्ग में अभय नोबल्स तखतगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप जीती, वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुडारामसिंह द्वितीय एवं आई.जी. बालिका जवाली तृतीय रही। 17 वर्षीय आयुवर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुडारामसिंह प्रथम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बगड़ी नगर द्वितीय व मरुधर बालिका विद्यापीठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. गणपत सिंह बालोत, संस्थान अध्यक्ष हनवंत सिंह बालोत, उपाध्यक्ष डॉ. चन्दन गांधी, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, भामाशाह सवाई सिंह, कांतिलाल सोनी, मोहनजी सोनी, गोविंद सोनी, प्रवीण कुमार कुमावत, रामदेव पेट्रोल पम्प के जसवंत सिंह, मां जोधपुर स्वीट होम के सत्तू सिंह , मीठालाल जोशी आदि ने खिलाडियों को मोमेंटों, शिल्ड देकर सम्मानित किया। संस्थान प्रधान शम्भू सिंह बालोत ने निर्णायकों, दल प्रभारियों को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के चयन समितिके सदस्य गोपाराम, महेन्द्र सिंह राणावत, पूर्णिमा माथुर आदि ने राज्यस्तरीय खिलाडियों का चयन किया। पर्यवेक्षक गिरधारीलाल मीणा ने आभार व्यक्त किया।




### आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित



**जूम न्यूज • फलौदी**

ग्राम पंचायत ओसियां के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक में विभागीय निर्देशानुसार आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों एवं मातृ शक्ति को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर कई पारंपरिक एवं स्वास्थ्य संबंधी रस्में निभाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा सोलंकी ने बताया कि आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म रीति-रिवाज से सम्पन्न करवाई गई। इसके साथ ही नन्हे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अन्न प्राशन कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बच्चों को पहली बार ठोस एवं पोषक आहार खिलाया गया। आंगनवाड़ी सहायिका लीला देवी एवं विमला ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि चम्पालाल ने कहा कि सभी महिलाओं एवं बच्चों को पूर्ण पोषण मिलना अनिवार्य है। भारत पोषण युक्त रहेगा तभी एक मजबूत राष्ट्र एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव हो पाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमेर शर्मा एवं कैलाश माली उपस्थित रहे। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की एवं स्वास्थ्य पर जागरूकता बढाने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, माताओं एवं किशोरियों की भागीदारी रही, अंत में सुमेर शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# AI और मानवीय रचनात्मकता का संगमः 'मेरे रांझना' ने रची नई कहानी, एआई तकनीक से तैयार गीत ने बटोरी सराहना

**जूम न्यूज • जयपुर**

जयपुर की क्रिएटिव टेक्नोलॉजी कंपनी Sparkle AI Technomedia द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में तकनीक और मानवीय रचनात्मकता के अनूठे संगम को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कंपनी द्वारा निर्मित AI आधारित गीत 'मेरे रांझना' का विशेष प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा।

गीत का लेखन, संगीत और निर्माण प्रशांत चौहान द्वारा किया गया है। गीत पूरी तरह AI तकनीक के माध्यम से तैयार किया गया, जबकि इसके वीडियो में मानवीय कलाकारों और क्रिएटिव टीम के प्रयासों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में इस बात को प्रमुखता से रेखांकित किया गया कि AI मानवीय रचनात्मकता का विकल्प नहीं, बल्कि उसे नई संभावनाएं और अभिव्यक्ति के नए माध्यम देने वाली तकनीक बन सकता है।






**तकनीक और प्रतिभा को साथ लाने की नई पहलः** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील नरनौलिया तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश चंद शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा तरुण पवार, पुष्पेंद्र और मोनिश जी ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कलाकारों युवराज और स्मिता की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में Sparkle AI Technomedia की प्रमुख शिल्पा शर्मा और प्रशांत चौहान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने 'मेरे रांझना' की सराहना करते हुए तकनीक और मानव प्रतिभा के इस प्रयोग को रचनात्मक क्षेत्र में एक नए प्रयोग के रूप में देखा। कार्यक्रम में जयपुर के स्थानीय कलाकारों और क्रिएटिव प्रतिभाओं को नई तकनीक के साथ जोड़कर आगे बढ़ाने की दिशा पर भी चर्चा हुई। Sparkle AI Technomedia का उद्देश्य AI, संगीत, विजुअल स्टोरीटेलिंग और डिजिटल मीडिया को मानवीय कल्पना एवं प्रतिभा के साथ जोड़कर नए दौर की रचनात्मक प्रस्तुतियां तैयार करना है।

# बांजाकुडी में काले तिरपाल की अवैध फेक्ट्रियां, केमिकल से राहगीर परेशान

### बस स्टॉप पर अवैध रूप से बिना एनओसी लिए खुल रही फैक्ट्रियां



**जूम न्यूज • जैतारण**

प्रशासन की अनदेखी बांजाकुडी गांव में काले तिरपाल की अवैध फैक्ट्रियां धड़ल्ले से चल रही हैं बांजाकुडी गांव में काले तिरपाल की अवैध फैक्ट्रियां बस स्टेशन, कृषि भूमियों और औद्योगिक मानदंडों का उल्लंघन करके चलाई जा रही हैं, जो स्थानीय पर्यावरण, जनस्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए एक बड़ी मुसीबत बन चुकी हैं फैक्ट्रियों काले व सफेद तिरपाल खतरनाक रसायनो पदार्थ काम में लिए हुए बोरे में आते है जो की बांजाकुडी बस स्टॉप पर ओर ग्रामीण इलाके आसपास बने घरों के पास अवैध फैक्ट्री चल रही है जिससे कई गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं।अवैध तिरपाल फैक्ट्रियों ओर बांजाकुडी बस स्टेशन पर अवैध दुकानों पर बिक रहे काले तिरपाल ग्रामीण और यात्रियों के लिए परेशानी का सबक बनते जा रहे हैं यात्री बस स्टेशन पर बैठ नहीं सकते यात्रियों के कपड़ों में कालापन चिपक जाता है जिससे गंदे हो जाते है धुले हुए कपड़े

त्रिपाल की अवैध फैक्ट्रियां बिना कानूनी पंजीकरण, फायर सेफ्टी एनओसी (NOC), प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति और सरकारी मानकों को पूरा किए बिना संचालित कई सालों से चल रही है प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीण क्षेत्र में बीमारियां फैल रही हैं अवैध औद्योगिक गतिविधियां स्थानीय पर्यावरण, सुरक्षा और सरकारी राजस्व के लिए एक गंभीर समस्या हैं कृषि भूमि का बिना कन्वर्जन (रूपांतरण) कराए अवैध तिरपाल फैक्ट्रियां (औद्योगिक इकाइयां) धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं बांजाकुडी में अनेक अवैध फैक्ट्रि कृषि भूमि ग्रामीण इलाके बस स्टेशन पर संचालित हैं बांजाकुडी बस स्टेशन पर अवैध रूप से काले तिरपाल फैक्ट्रियां अवैध तिरपाल में भयंकर आग का खतरा और सुरक्षा में चूक तिरपाल बनाने में भारी मात्रा में अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग प्लास्टिक, रासायनिक कोटिंग (जैसे पीवीसी/पॉलीथीन) और कच्चे माल का उपयोग किया जाता है।

### पंचायती राज चुनाव को लेकर तैयारियां तेज, मतदान केंद्रों का सत्यापन

**जूम न्यूज • पाली**

पंचायती राज आम चुनाव 2026 को लेकर आरक्षण आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निर्वाचन विभाग ने चुनावी तैयारियों को गति दे दी है। निर्वाचन अधिकारियों की ओर से एक ओर जहां बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सक्रिय कर मतदाता सूचियों को अद्यतन करने, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र एवं मृत मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर उनका भौतिक सत्यापन भी करवाया जा रहा है।

निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी (पंचायत) एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव को लेकर पाली पंचायत समिति क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में बनाए गए मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करवाया जा रहा है। अवकाश के दिनों में भी जारी है निर्वाचन संबंधी कार्य -ईआरओ राणावत ने बताया कि पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर निर्वाचन कार्य से जुड़े कार्मिकों की ओर से अवकाश के दिनों में भी कार्य को सुचारू रूप से किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में भागवार पहुंचकर मतदाता सूचियों का सत्यापन किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



**जूम न्यूज • पाली**

बाल विकास परियोजना कार्यालय पाली ग्रामीण की ओर से पंचायत समिति सभागार आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पाली ग्रामीण क्षेत्र के आनंद नगर, हाउसिंग बोर्ड, नयागांव एवं रामदेव रोड सेक्टर की लगभग 120 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक प्रकाश चंद्र, सीडीपीओ आलोक शर्मा, सीबीईओ दिलीप करमचंदानी ,भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, जिला प्रवक्ता त्रिलोकचंद, प्रथम बुक्स फाउंडेशन से चेतन व दयाराम तथा महिला मोर्चा से मनीषा ,नैना एवं कुसुम जी उपस्थित रहे।

**जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर करे प्रभावी-** भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभाग की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से उतारने के लिए प्रेरित किया। उपनिदेशक (महिला एवं बाल विकास) प्रकाश चंद्र ने सुपोषित पाली अभियान एवं आंगन मिलन सेवाश् कार्यक्रम की रूपरेखा तथा अब तक की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की।सीबीईओ ने शिक्षा विभाग और आंगनवाड़ी केंद्रों के बीच बेहतर तालमेल एवं समन्वय की जानकारी दी। सीडीपीओ आलोक शर्मा ने मंच संचालन किया।

**ये रहे मौजूदः** कार्यक्रम मे महिला पर्यवेक्षक जीना संतोष, कनिष्ठ लेखाकार शालिनी मेवाड़ा, कनिष्ठ सहायक लक्ष्मण राम, जिला समन्वयक सिकंदर खान, जिला परियोजना सहायक भवानी प्रकाश, ब्लॉक समन्वयक राकेश तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मनोज व रंजीत का सराहनीय मौजूद रहे।

# शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दें शिक्षकः अविनाश गहलोत






**जूम न्यूज • जैतारण**

द विंग्स ग्लोबल स्कूल मे आयोजित राजस्थान पंचायत राज एवं माध्यमिक शिक्षक जिला शाखा ब्यावर के जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में राजस्थान के कैबिनेट मंत्री श्री अविनाश गहलोत शिक्षकों को संबोधित करते हुए बोले कि वर्तमान परिपेक्ष में समाज में शिक्षक की भूमिका विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी लाना है । कैबिनेट मंत्री ने कहा कि शिक्षक ही समझ में परिवर्तन की क्रांति ला सकता है। आपके हाथों में आने वाला भारत का भविष्य है। शिक्षक की किसी भी समस्या के समाधान हेतु मैं हमेशा तत्पर रहता हूं। कैबिनेट मंत्री ने सम्मेलन में सैकड़ो शिक्षकों को उपस्थित को लेकर जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी को सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

प्रदेश संयोजक संघर्ष समिति जवरी लाल प्रजापत के नेतृत्व में पूरी टीम ने 21 किलो फूलों की माला के साथ स्वागत किया एवं संगठन की मांगो का ज्ञापन सौपा।कैबिनेट मंत्री के साथ श्री भेणा गहलोत नगर पालिका अध्यक्ष, उप प्रधान पप्पू राम कुमावत, प्रधान रायपुर पशुपति सिंह ,जिला शिक्षा अधिकारी , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, एडवोकेट देवाराम कटारिया ,माली समाज के अध्यक्ष मदन नाग, भामाशाह तुलसाराम सीरवी दिलीप गहलोत ,अनराज सतनामी , तरुण गर्ग हरि सिंह कविया , महीप पारीक नारायण सिंह चौहान ,किशन लाल जांगिड़ ने मंच साझा किया। श्री प्रजापत ने संबोधन में बताया कि हमारा संगठन हमेशा शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षित में काम करता है। पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।।

सम्मेलन को जिला अध्यक्ष दुर्गा चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष जैतारण कुमावत अध्यक्ष रायपुर महेंद्र ट्रेलर , ब्लॉक अध्यक्ष जवाजा प्रहलाद मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष हुक्मीचंद मिश्रा , जिला सभा अध्यक्ष बदा राम , सहसंयोजिका लीला सोनरीवाल , लक्ष्मी मैडम ने संबोधित किया।। मंच संचालन व्याख्याता चेतन प्रकाश छिपा ,अनीता मेहरिया एवं बाबूलाल कुमावत ने किया। सम्मेलन में प्रदेश संगठन मंत्री लिखमाराम सीरवी, अजमेर संभाग प्रभारी प्रकाश बडियासर, जिला महिला संयोजक चित्र माथुर ब्लॉक संयोजिका सरिता जोगावत, लखन लाल मीणा ,ब्लॉक अध्यक्ष बदनोर महेंद्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष मंगलाराम माली ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर मिश्रा, आजाद मोहम्मद एवं महेंद्र डाबी सहित प्रदेश के पदाधिकारी जिला पदाधिकारी एवं ब्लॉक जैतारण रायपुर बदनोर मसूदा जवाजा से सैकड़ो शिक्षकों ने भाग लिया।



# जिंदगी और सिनेमा के अनुभवों को किताब में पिरोएंगे

**मुंबई।** चर्चित अभिनेता संजय मिश्रा ने अपनी अदाकारी से दर्शकों के बीच अच्छी जगह बनाई है। सपोर्टिंग भूमिकाओं के जरिए भी उन्होंने खूब नाम कमाया है। हाल ही में उन्हें 'भक्षक' में अपने किरदार के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस बीच अभिनेता ने अपनी किताब का ऐलान किया है। अभिनेता संजय ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी किताब को लेकर जानकारी दी है। यह दरअसल, अभिनेता की आत्मकथा होगी। इस आगामी ऑटोबायोग्राफी में वे अपनी जिंदगी और कॅरियर से जुड़ी अनकही कहानियों, संघर्षों, अनुभवों और सीखों को साझा करेंगे। किताब का नाम 'हम सीखते-सीखते रह गए' है।

लाइफ Style



# कृति

## महिलाओं की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल सितंबर महीने के चौथे रविवार को बेटी दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस खास दिन पर बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं पर बात की है।

एक्ट्रेस ने समाज से उन रोजमर्रा की सावधानियों पर सोचने को कहा है, जो महिलाओं को सिर्फ सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षित महसूस करने के लिए बरतनी पड़ती हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'इस 'बेटी दिवस' पर जरा सोचिए कि आपकी बेटी आपको फोन करके कहे कि मुझे लग रहा है कुछ आदमी मेरा पीछा कर रहे हैं। सोचिए कि वह रात में अकेले घर जा रही है और बार-बार पीछे मुड़कर देख रही है। सोचिए कि घर पहुंचने से पहले ही उसका फोन बंद हो जाता है। अब एक पल रुक कर इस बारे में सोचिए।' कृति ने आगे बताया कि सुरक्षा के लिए महिलाएं रोजमर्रा की जिंदगी में कितनी चीजें करने को मजबूर हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा, 'लाइव लोकेशन शेयर करने से लेकर, पेपर स्प्रे रखने तक, पैदल जाने के बजाय कैब बुक या सुरक्षित महसूस करने के लिए किसी को फोन करने तक। हमने उसकी जिंदगी को ऐसा बना दिया है कि ये सब उसकी रोजमर्रा की आदत का हिस्सा बन गया है।' एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा, 'जिस दिन कोई बेटी रात में अकेले घर जा सके, अंधेरा होने के बाद पार्क में बैठ सके, अपनी मर्जी के कपड़े पहन सके, बिना डरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर सके या बिना हमले के डर के किसी सार्वजनिक जगह पर रह सके।

हॉलीवुड मसाला



## फ्रेड एस्टेयर बायोपिक में दो बड़ी एंट्री

**लॉस एंजिल्स।** सोनी पिक्चर्स की अपकमिंग फ्रेड एस्टेयर बायोपिक में अब 'द सब्सटेंस' स्टार मार्गरेट क्वाली और ग्रैमी विजेता सबरीना कारपेंटर की भी एंट्री हो गई है। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। फिल्म में टॉम हॉलैंड फ्रेड एस्टेयर का किरदार निभाएंगे। वहीं, मार्गरेट क्वाली उनकी बहन और शुरुआती डांस पार्टनर एडेल एस्टेयर की भूमिका में नजर आएंगी। सबरीना कारपेंटर फिल्म में फ्रेड एस्टेयर की मशहूर ऑन-स्क्रीन डांस पार्टनर जिंजर रोजर्स का किरदार निभाएंगी।



## अवेंजर्स एंडगेम एनकोर का धमाका

**मुंबई।** मार्वल की फिल्म 'अवेंजर्स एंडगेम' 7 साल बाद फिर से 'अवेंजर्स एंडगेम एनकोर' नाम से सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म ने री-रिलीज होने के बाद एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका कर दिया है। फैंस में इसका जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। पहले दिन जहां इसने 7.25 करोड़ का कलेक्शन किया था, वहीं, दूसरे दूसरे दिन इसने 5.92 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म ने दो दिनों में कुल 13.17 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं, 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए कुछ दिनों में दो महीने हो जाएंगे और फिल्म अब भी शानदार कमाई कर रही है। 'मिर्जापुर द मूवी' की कमाई में गिरावट देखने को मिली है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' को रिलीज हुए 23 दिन हो गए हैं। अब इसकी कमाई धीमी होती नजर आ रही है।



## नए पोस्टर में दिखी राम-सीता लक्ष्मण की झलक

**मुंबई।** 'रामायण' के मेकर्स ने फिल्म के दो पोस्टर जारी किए हैं। एक में राम, सीता और लक्ष्मण नजर आए हैं। दूसरे में रावण दिख रहे हैं। पोस्टर काफी खास हैं। हैं। राम के रूप में रणबीर कपूर बेहद शांत, संयमित और साहसी नजर आ रहे हैं। उनके व्यक्तित्व में सहज गरिमा और राजसी आभा दिखाई देती है। वहीं, सीता के रूप में साई पल्लवी अपनी गरिमा, मासूमियत, भक्ति, धैर्य और निडरता से प्रभावित करती हैं। लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे निष्ठा, प्रेम और अपने भाई के प्रति समर्पण भाव लिए नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने इस फिल्म का एक दूसरा पोस्टर भी रिलीज किया है। इस पोस्टर में रावण के रूप यश को दिखाया गया है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि रावण के रूप में यश अपनी लंका में खड़े हैं। मुकुट पहने यश काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं।



## वानर सेना के चश्मा पहनने पर उड़ा मजाक

**नई दिल्ली।** 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के एक प्रमोशनल पोस्टर ने ऑनलाइन खूब चर्चा छेड़ दी है। दर्शकों ने सुग्रीव को चश्मा पहने देखा, जिसके बाद त्रेता युग में वानर सेना के इस लुक को लेकर मजाक बनने लगे और फिल्म के प्रोडक्शन की क्वालिटी पर भी सवाल उठने लगे। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के थिएटर में रिलीज होने के बाद इसने लोगों का काफी ध्यान खींचा है। फिल्म के प्रोडक्शन और विजुअल इफेक्ट्स पर दर्शक चर्चा कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज एक प्रमोशनल पोस्टर को लेकर यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि, बारीकी से देखने वाले दर्शकों की नजर एक वानर सेना के किरदार पर पड़ी, जिसने आधुनिक चश्मा पहना हुआ था। सोशल मीडिया पर 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के प्रमोशनल पोस्टर वायरल हो रहे हैं।

टीवी मसाला



## केबीसी 18 : 'हमारे घर आता तो उसको गोली मार देते'

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के हालिया एपिसोड में एक्टर राजकुमार राव और वामिका गब्बी के साथ पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम भी नजर आए। दरअसल, यह सभी अपनी आने वाली फिल्म 'प्रहार-द अनटोल्ड स्टोरी' को प्रमोट करने आए थे, जो उज्ज्वल की ही बायोपिक है। शो में अमिताभ बच्चन से बात करते हुए उज्ज्वल निकम ने दावा करते हुए बताया कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले केस की सुनवाई के दौरान अजमल कसाब ने उनसे कहा था कि वो मुंबई में अमिताभ बच्चन से मिलने आया था। उज्ज्वल निकम की यह बात सुनकर शो के होस्ट बिग बी चौंक गए। शो के दौरान अमिताभ बच्चन ने 26/11 केस को लेकर उज्ज्वल निकम से काफी सारे सवाल किए। अभिनेता ने पूछा कि कसाब को फांसी देने में चार साल का वक्त क्यों लगा। उसे तो वहीं गाड़ देना चाहिए था, इसमें इतना टाइम क्यों लगा। इस पर उज्ज्वल ने कोर्ट के नियमों और कानूनी प्रक्रिया के बारे में बताया। निकम ने आगे बताया कि कसाब ने कथित तौर पर उनसे कहा था कि वह अमिताभ बच्चन से मिलने मुंबई आया था। निकम ने कहा, 'आपको ताज्जुब होगा जो उसने आगे कहा था कि मैं तो अमिताभ जी को देखने आया था। ये सच में हुआ है।' निकम की बात सुनकर अमिताभ बच्चन चौंक गए। बिग बी ने कहा, 'नहीं नहीं सर, अगर वो आया होता, तो हमारे घर से जाने वाला नहीं था। वहीं, हम गोली मार देते उसे।' फिर निकम ने आगे ट्रायल में देरी का कारण भी बताया। उन्होंने कहा कि कानून किसी आरोपी को तब तक बेगुनाह मानता है, जब तक वह दोषी साबित न हो जाए और उन्हें अपना बचाव करने का अधिकार देता है।

## स्वरा -शहजाद में जमकर जुबानी जंग

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग द्वारा होस्टेड रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' को शुरू हुए अभी एक दिन ही हुआ है और कंटेस्टेंट्स के बीच झगड़े अभी से शुरू हो गए हैं।



हाल ही में शो का एक वीडियो सामने आया, जिसमें स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला आपस में जुबानी जंग करते हुए नजर आए। सिर्फ इतना ही नहीं, बातों ही बातों में उन्होंने स्वरा के पति फहाद का भी जिक्र किया और उन पर तंज कसा। शो का एक प्रोमो सामने आया है, जिसमें होस्ट वीरेंद्र सहवाग कंटेस्टेंट शहजाद से कहते हैं कि सोशल मीडिया पर तो आपने बहुत बातें की हैं। अब वो (स्वरा) जब अंदर आई हैं, तो आपने बात ही नहीं की। आवाज बैठ गई है क्या। इस पर शहजाद ने कहा, 'मेरा स्वर दबाने वाला अभी तक कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ।'

## द पैराडाइस ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रचा इतिहास

*नानी की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द पैराडाइज' ने 24 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। पहले दिन धांसू ओपनिंग के बाद फिल्म ने दूसरे दिन आधी से भी कम कमाई की थी, लेकिन तीसरे दिन इसने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की है।*




**नई दिल्ली।** सैकनिल्क के मुताबिक, 24 सितंबर को रिलीज हुई 'द पैराडाइज' ने एक दिन पहले यानी 23 सितंबर को पेड प्रीव्यू में 11.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसके बाद पहले दिन 34.65 करोड़ रुपए की धांसू ओपनिंग की। हालांकि, दूसरे दिन यानी शुक्रवार को इसकी कमाई में गिरावट आई, लेकिन शनिवार को फिल्म ने 15.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस कमाई के साथ यह फिल्म नानी के कॅरियर की कमर्शियली सबसे सफल बन गई है। फिल्म ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करते हुए 117.75 करोड़ रुपए का रिकॉर्डतोड़ कलेक्शन किया है। जिसमें 27.25 करोड़ रुपए का टोटल ओवरसीज कलेक्शन शामिल है। घरेलू बॉक्स ऑफिस की बात करें तो फिल्म ने तीसरे दिन की कमाई के साथ 76.40 करोड़ रुपए का नेट इंडिया कलेक्शन और 90.50 करोड़ रुपए का ग्रॉस इंडिया कलेक्शन किया है। तीसरे दिन फिल्म की सबसे ज्यादा कमाई तेलुगु में 13.35 करोड़ रुपए हुई है, इसके बाद हिंदी में 1.65 करोड़ रुपए और तमिल में 0.25 करोड़ रुपए हुई है। 'द पैराडाइज' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसे श्रीकांत ओडेला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में नानी, मोहन बाबू, कयादु लोहार, सोनाली कुलकर्णी और राघव जुयाल अहम किरदारों में हैं। इसमें नानी 1980 के दशक के सिकंदराबाद में एक संघर्षरत जनजाति के नेता की भूमिका निभाते हैं, जो भेदभाव का सामना करते हुए नागरिकता के लिए लड़ते हैं।

## सौम्या के हाथ लगी बड़जात्या की फिल्म, शेयर किया इमोशनल नोट

**मुंबई।** 'भाभी जी घर पर हैं' की गोरी मेम उर्फ सौम्या टंडन पिछले दिनों रणवीर सिंह स्टारर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर धुरंधर के बाद अब सूरज बड़जात्या की फिल्म में नजर आएंगी। इस अपकमिंग फिल्म को लेकर सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया के जरिए खुशी जाहिर की है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' में सौम्या टंडन ने अपने अभिनय के लिए खूब सुर्खियां बटोरीं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर में सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना अभिनीत रहमान डकैत की पत्नी उल्फत का किरदार निभाया था, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया गया। 'धुरंधर' के बाद अब सौम्या टंडन एक नई फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। अब सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आएंगी, जिसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। हाल ही में इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने सूरज बड़जात्या का आभार जताया है। सौम्या टंडन ने अपनी अपकमिंग फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह सूरज बड़जात्या और 'ये प्रेम मोल लिया' के अन्य स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सौम्या गुलाबी रंग की साड़ी और खूबसूरत ज्वेलरी और



मेकअप में नजर आ रही हैं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सौम्या ने फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है, जिसमें उनके साथ शरवरी वाघ, आयुष्मान खुराना, सुप्रिया पाठक, अनुपम खेर और अन्य कलाकार नजर आ रहे हैं। सौम्या टंडन ने ये तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'सूरज बड़जात्या सर के निर्देशन में काम करना किसी भी एक्टर का सपना होता है। यह अब तक का सबसे खुशनुमा सेट रहा है। ये प्रेम मोल लिया के सेट पर बिताए हर पल को मैं हमेशा याद रखूंगी। मेरा सच में मानना है कि स्क्रीन पर जो सच्चा प्यार दिखता है, वह असल में उसके पीछे मौजूद सच्चे प्यार से ही आता है।

### इन दिग्गजों की कहानी पर दांव खेलेंगे मेकर्स

# असली दिग्गजों की कहानी बॉलीवुड के लिए बना हिट का नया फार्मूला

*नई दिल्ली। साल 2026 के आखिर और 2027 में कई बायोपिक फिल्में मेकर्स लेकर आने वाले हैं। ऐसे में क्या अब असली दिग्गजों की कहानी बॉलीवुड के लिए हिट का नया फार्मूला बन गया है। हिंदी सिनेमा का इतिहास सिर्फ फिल्मों की कहानियों का इतिहास नहीं है, बल्कि बदलती पसंद और बदलते सिनेमाई ट्रेंड का भी इतिहास है। एक दौर था जब बड़े पर्दे पर प्रेम कहानियों का जादू चलता था। हीरो-हीरोइन, प्यार, जुदाई और मिलन... यही फॉर्मूला दर्शकों को थिएटर तक खींच लाता था। फिर समय बदला और बॉलीवुड ने कॉमेडी को अपनाया। एक के बाद एक कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों को हंसाया और बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बनाई। इसके बाद हॉरर और हॉरर-कॉमेडी का दौर आया, जब भूत-प्रेत और डर के साथ हंसी का तड़का भी दर्शकों को पसंद आने लगा। फिर आया एक्शन का दौर। बड़े सितारे, बड़े हथियार, बड़े सेट, हाई-ऑक्टेन एक्शन और करोड़ों का बजट... बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में इसी फॉर्मूले पर बनने लगीं। इन सबके बीच मेकर्स कुछ बायोपिक फिल्में भी लेकर आए, जिनमें से कुछ हिट हुईं तो कुछ फ्लॉप। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि हिंदी सिनेमा का बायोपिक वाला दौर फिर दस्तक दे रहा है। दरअसल, साल 2026 में जिस तरह नीम करोली बाबा के जीवन पर बनी 'हनुमान अंश' हिट हुई और चंदू चैंपियन को नेशनल अवॉर्ड मिला। ऐसे में मेकर्स का झुकाव बायोपिक की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। सिर्फ इतना ही नहीं, 2027 में भी कई बड़े बायोपिक प्रोजेक्ट लाइन में हैं, उससे यह सवाल जरूर उठता है कि क्या बॉलीवुड अब काल्पनिक कहानियों से ज्यादा वास्तविक जिंदगी के किरदारों में नया ड्रामा तलाश रहा है।*



**ईठा :** श्रद्धा कपूर की 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं और इसकी रिलीज 4 दिसंबर, 2026 है। यह फिल्म इसलिए भी दिलचस्प है, क्योंकि इसमें बॉलीवुड किसी क्रिकेटर या फिल्म स्टार के बजाय लोक कला से जुड़ी एक महिला कलाकार की कहानी को केंद्र में ला रहा है।

**प्रहार :** राजकुमार राव 'प्रहार में मशहूर विशेष सरकारी वकील उज्ज्वल निकम का किरदार निभा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा है और इसमें उनके महत्वपूर्ण कानूनी मामलों को कहानी का हिस्सा बनाया गया है। फिल्म 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होने वाली



है। यहां बॉलीवुड को क्रिकेट या फिल्म इंडस्ट्री से बाहर की कहानी मिलती है। कानून, अपराध, अदालत और एक ऐसे व्यक्ति की जिंदगी जिसने देश के चर्चित मामलों में पैरवी की।

**वी. शांताराम की कहानी :** 2026 की सबसे दिलचस्प बायोपिक में 'वी. शांताराम' भी शामिल है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी 'शांताराम' की भूमिका निभा रहे हैं और तमन्ना भाटिया भी अहम किरदार में हैं। शांताराम भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्ममेकर, समाज सुधारक और कलाकार थे।

**वाइट :** बायोपिक का यह नया दौर सिर्फ मनोरंजन की दुनिया तक सीमित नहीं है। 'वाइट' नाम की फिल्म श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं।

### 2027 में और बड़ा होगा खेल?

राजकुमार राव की 'दादा' इस ट्रेंड की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म में वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का पहला लुक 2002 के लॉर्ड्स के मशहूर शर्टलेस सेलिब्रेशन को रीक्रिएट करता है और फिल्म 14 मई, 2027 को रिलीज होने की घोषणा की गई है। क्रिकेट बायोपिक बॉलीवुड के लिए नई नहीं है, लेकिन गांगुली की कहानी में भारतीय क्रिकेट के एक महत्वपूर्ण दौर, कप्तानी और उनके व्यक्तित्व को बड़े पर्दे पर देखने की उत्सुकता है।

### धनुष और एपीजे अब्दुल कलाम

पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जिंदगी भी पर्दे पर आने वाली है और इसमें धनुष के मुख्य भूमिका निभाने की खबरें सामने आई हैं। यह उन फिल्मों में है जो बायोपिक के दायरे को विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण जैसी कहानियों तक ले जाती हैं।

**ऋषभ शेट्टी की 'द प्राइड ऑफ भारत':** 2027 की लिस्ट में 'द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज' भी शामिल है, जिसमें ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। ऐतिहासिक व्यक्तित्वों पर बनने वाली ऐसी फिल्मों में बायोपिक और पीरियड एपिक का मेल दिखाई देता है। यानी वास्तविक व्यक्ति की जिंदगी को बड़े सिनेमाई स्केल पर पेश करना।

### अभी तक बन चुकी हैं ये बायोपिक फिल्में

- दंगल
- भाग मिल्खा भाग
- पान सिंह तोमर
- मैरी कॉम
- एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी
- गुंजन सक्सेना
- सुपर 30
- सरबजीत
- संजू
- अजहर

# एंसी ने जीती चांदी, महज 2 सेंटीमीटर से फिसला सोना




एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन गेम्स 2026 में भारत को एंसी सोजन ने महिलाओं की लॉन्ग जंप स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। वह महज 2 सेंटीमीटर से स्वर्ण पदक से चूक गईं। इसी स्पर्धा में भारत की शैली सिंह चौथे स्थान पर रही। भारत की दोनों ही एथलीट्स को उनकी आखिरी जंप में नुकसान हुआ। चीन की यिंगयिंग हुआंग ने 6.55 मीटर की जंप के साथ स्वर्ण पदक जीता तो मेंगयी टेन ने 6.46 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। शैली की जंप 6.42 मीटर की रही थी। वह 4 सेंटीमीटर से चौथे स्थान पर फिसल गई।

चीनी लॉन्ग जंपर आखिरी छलांग से पहले तक दूसरे स्थान पर थी। उन्होंने आखिरी कोशिश में 6.55 मीटर की जंप की। सोजन इससे दूसरे स्थान पर आई। उनके पास आखिरी कोशिश में मौका था लेकिन उनकी आखिरी जंप 6,49 की रही। इससे स्वर्ण पदक चीनी एथलीट के नाम हो गया।



## 200 मीटर दौड़ : हरिता ने जीता ब्रॉन्ज

भारत ने रविवार को एशियन गेम्स आइची-नागोया में स्प्रिंट इवेंट्स का समापन महिलाओं और पुरुषों की 200 मीटर फाइनल में अलग-अलग नतीजों के साथ किया। एक ओर, हरिता भद्रा ने कड़े मुकाबले में ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि अनिमेष कुजूर पुरुषों की रेस में पांचवें स्थान पर रहे। हरिता भद्रा ने 23.20 सेकंड का समय लेकर महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, सिंगापुर की वेरोनिका शांति परेरा ने (22.78 सेकंड) गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि चीन की चेन युजी 22.93 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। 23 वर्षीय हरिता इस कॉन्टिनेंटल इवेंट में 200 मीटर में मेडल जीतने वाली छठी भारतीय महिला भी बन गईं। महाराष्ट्र की स्प्रिंटर हरिता भद्रा ने 65वीं नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने पर्सनल बेस्ट (23.14 सेकंड) के साथ नेशनल टाइटल जीता था, जिसके बाद वह इन गेम्स में उतरी थीं।

## मुक्केबाजी में तीन पदक पक्के

# हरियाणा के अंकुश, नरेंद्र व परवीन सेमीफाइनल में



रोहतक। एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजी दल के लिए रविवार का दिन बेहद शानदार रहा। देश के तीन शानदार मुक्केबाज अंकुश पंघाल, नरेंद्र बेरवाल और परवीन हुड्डा ने अपने-अपने भार वर्ग के सेमीफाइनल में शानदार अंदाज में प्रवेश कर लिया है। इन दोनों की जीत के साथ ही भारत के लिए कम से कम दो पदक पक्के हो गए हैं। पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे अंकुश पंघाल ने ताजिकिस्तान के नेकरूज सालिमोव के खिलाफ अपना दबदबा बनाया। पिछले महीने ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाले अंकुश ने अपने शानदार पंचों और मजबूत डिफेंस के दम पर 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से यह मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही वह इन खेलों में भारत के लिए बॉक्सिंग का मेडल पक्का करने वाले पहले मुक्केबाज बन गए। महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में परवीन हुड्डा ने उज्बेकिस्तान की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता नवबखोर खामिदोवा को 5-0 से करारी शिकस्त दी। पिछले दौर में वॉकओवर मिलने के कारण हरियाणा की इस मुक्केबाज का यह टूर्नामेंट का पहला मुकाबला था, लेकिन रिंग में उतरते ही उन्होंने अपनी लय और आक्रामक खेल का बेहतरीन नमूना पेश किया। पुरुषों के +92 किलोग्राम सुपर हेवीवेट वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नरेंद्र ने थाईलैंड के मुक्केबाज अदथापोंग सेंगतेप को पहले ही राउंड में चित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही उन्होंने भारत के लिए कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर दिया है।

## महिला स्टीपलचेज : पारुल ने कांस्य पदक किया अपने नाम



भारतीय एथलीट पारुल चौधरी ने महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पारुल ने 9 मिनट 8.67 सेकेंड का अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक हासिल किया। बहरीन की विनफ्रेड यावी ने नौ मिनट 4.36 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान की नोराह जेरुतो तनुई ने नौ मिनट 06.82 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली एक अन्य भारतीय एथलीट अंकिता 9 मिनट 19.24 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

## ऊंची कूद : कुशारे ने लगाई 2.25 मीटर की जंप, जीता सिल्वर



भारत के सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत पदक जीता। उन्होंने 2.25 मीटर की जंप के साथ यह मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले चीनी ताइपे के फु चाओ हुसान ने भी 2.25 मीटर का जंप किया। लेकिन उन्होंने पिछली जंप बिना फाउल के जरिए पूरी की थी। इससे भारत के हाथ से स्वर्ण पदक निकल गया। सर्वेश कुशारे ने 2.10 मीटर की जंप के साथ शुरुआत की। फिर बिना किसी दिक्कत के 2.14, 2.18 और 2.22 मीटर की छलांग लगाई। 2.25 मीटर की छलांग की पहली कोशिश में वे नाकाम रहे। मगर दूसरे प्रयास में सफल रहे। इसके बाद 2.28 मीटर का बैरियर रखा गया। मगर तीनों ही कोशिश में सर्वेश को सफलता नहीं मिली। चीनी ताइपे के फु चाओ ने भी 2.10 मीटर से शुरुआत की। 2.18 मीटर की छलांग उन्होंने दो कोशिश में पूरी की. 2.22 मीटर और 2.25 मीटर उछलने में उन्हें समस्या नहीं हुई। वे भी तीन कोशिश के बावजूद 2.28 मीटर की छलांग नहीं लगा सके।

## महिला हॉकीः भारत का विजय अभियान जारी, सिंगापुर को हराया

**काकामिगाहारा।** सुनेलिता टोप्पो के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एशियाई खेलों के अपने अंतिम पूल बी मैच में सिंगापुर को 7-0 से रौंद दिया, जिससे अब सेमीफाइनल में उसका सामना कोरिया से होगा। भारत ने पांच मैच में पांच जीत के साथ पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब सेमीफाइनल 30 सितंबर को होगा। भारत के लिए कप्तान सलीमा टेटे (17वें मिनट), सुनेलिता (22वें, 24वें), लालरेमसियामी (26वें), रुतुजा दादासो पिसाल (29वें), निक्की प्रधान (35वें) और दीपिका (55वें) ने गोल किए। गत चैंपियन और मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान जापान से भिड़ेगा। सिंगापुर ने पहले क्वार्टर में भारत को कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारत ने दबदबा बनाए रखा। सिंगापुर ने भारत के शुरुआती आठ पेनल्टी कॉर्नर नाकाम किए। दूसरे क्वार्टर में सलीमा ने मैदानी गोल से भारत का खाता खोला। इसके बाद सुनेलिता ने दो गोल किए जबकि ललरेमसियामी और रुतुजा ने भी गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। मैच खत्म होने से पांच मिनट पहले दीपिका ने शानदार फ्लिक से सातवां गोल किया।

- सेमीफाइनल में कोरिया से मुकाबला

## डेकाथलन : तेजस्विन ने जीता कांस्य पदक



भारतीय ट्रैक एवं फील्ड क स्टार खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता की अंतिम स्पर्धा 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज करके यह पदक हासिल किया। तेजस्विन ने 7,934 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन ने 100 मीटर, लंबी कूद, गोला फेंक, ऊंची कूद और 400 मीटर में शानदार प्रदर्शन के दम पर पहले दिन 4,338 अंक जुटाए थे और दूसरे दिन की शुरुआत शीर्ष स्थान से की थी। दो दिन में हुई 10 स्पर्धाओं में तेजस्विन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिर के लिए बचाकर रखा। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ चार मिनट 33.09 सेकेंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में उन्होंने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भी कांस्य पदक जीता था।

*पहला वनडे 8 विकेट से जीता*

*कुलदीप 4 विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच*

# कोहली और गिल के शतक से भारत ने वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम




स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (नाबाद 139 रन) और कप्तान शुभमन गिल (110 रन) ने 50 ओवर के प्रारूप में अपनी महारत का प्रदर्शन करते हुए शानदार शतक जड़े जिससे भारत ने रविवार को यहां पहले वनडे में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। कोहली ने अपनी नाबाद पारी के दौरान 10 चौके और नौ छक्के जड़े। उन्होंने और गिल ने दूसरे विकेट के लिए 150 रन जोड़कर मेजबान टीम को 296 रन का लक्ष्य 41.4 ओवर में दो विकेट पर 300 रन बनाकर हासिल करने में मदद की। वेस्टइंडीज के लिए भी जस्टिन ग्रीव्स (101 रन) ने शतक जड़ा लेकिन कुलदीप यादव के शानदार चार विकेट के स्पेल से पहले ही यह फीका पड़ गया। गिल ने अपना 10वां वनडे शतक जड़ा जबकि कोहली ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को धुनते हुए अपना 55वां शतक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 86वां शतक पूरा किया। इसके अलावा कोहली वनडे में सचिन तेंदुलकर के बाद 15000 रन बनाने वाले इतिहास के दूसरे बल्लेबाज भी बन गए। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (32 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन बनाने के बाद कोहली के साथ गिल की पारी और निखर गई। गिल ने 11 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया।

स्थानापन्न खिलाड़ी कीमो पॉल ने जेडन सील्स की गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया जिसके बाद भारतीय कप्तान ने 49 गेंदों में 50 रन बनाए और अगले 50 रन 47 गेंदों में पूरे किए। इस दौरान कई खूबसूरत शॉट्स की फेहरिस्त देखने को मिली जिसमें अल्जारी जोसफ की गेंदों पर स्क्वायर कट और कवर के बीच, सील्स की गेंद पर स्क्वायर कट और स्पिनर गुडाकेश मोती के खिलाफ छक्के और चौके शामिल रहे।

# आज अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| निशिन

श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का सामना एशियाई खेलों के पहले मैच में सोमवार को अफगानिस्तान से होगा और जापान के हालात में जल्दी ढलने की चुनौती टीमों के सामने रहेगी।

कोरोगी स्पोटर्स पार्क पर ही महिला वर्ग की स्पर्धा हुई थी, जिसमें भारत ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय क्रिकेटर तोक्यो से नागोया बुलेट ट्रेन से पहुंचे हैं और सफर का पूरा मजा लिया।



### अफगानिस्तान टीम में 6 नए खिलाड़ी

हाल ही में दिल्ली में भारत के हाथों श्रृंखला में बुरी तरह पराजित हुई अफगानिस्तान टीम दारविश रसूली की कप्तानी में नए खिलाड़ियों को लेकर आई है। टीम में छह खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहली बार खेलेंगे। भारत अभियान की शुरुआत क्वार्टर फाइनल से करेगा जबकि अफगानिस्तान नेपाल के खिलाफ एक मैच खेल चुका है, जिसमें उसे पराजय मिली। पहले मैच में उसने जापान को हराया था।

*मैच का समय : सुबह 10 बजे से।*

## 24 घंटे में 3-3 मैच, शेड्यूल पर भड़की सिंधू



**नागोया।** पीवी सिंधू ने रविवार को 24 घंटे के भीतर तीन एकल मुकाबले खेलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एशियाई खेलों का व्यस्त कार्यक्रम अच्छी तरह व्यवस्थित नहीं था और खिलाड़ियों को उरबने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। सिंधू को शनिवार को दो मुकाबले खेलने थे, जिसमें से दूसरा मैच आधी रात के बाद खत्म हुआ। इसके बाद उन्हें रविवार को चीन की चेन यूफेई के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरना पड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इससे पहले किसी बड़े टूर्नामेंट में कभी एक दिन में दो मैच खेले हैं।

## यूथ टेस्ट

# ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम सिर्फ 217 रन पर हुई ढेर



एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने रविवार को निरंजन शाह स्टेडियम में जारी अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम को सिर्फ 217 रन पर ढेर कर दिया।

इसके बाद दिन की समाप्ति तक भारतीय खेमे ने बगैर कोई विकेट गंवाए 8 रन बना लिए हैं। चार दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में सिर्फ 217 रन ही बना सकी। इस टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

आलम ये रहा कि 27 के स्कोर तक 3 विकेट गिर गए थे, जिसके बाद ब्लेक केटल ने जेड हॉलिक के साथ चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 174 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

### ईशान की शानदार गेंदबाजी

मेजबान टीम से ईशान ओम ने 24.5 ओवरों में 53 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए, जबकि मोहित ने 3 विकेट चटकाए। इनके अलावा, कप्तान यशबर्धन चौहान को 2 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में, पहले दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम ने महज 1 ओवर का सामना किया। केसी बार्टन के ओवर की सभी गेंदें लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने खेलीं, जिन्होंने 2 चौकों के साथ 8 रन बनाए। भारत की अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' कर चुकी है। मेजबान टीम अब टेस्ट सीरीज में भी क्लीन स्वीप के इरादे से उतरी है, जिसका दूसरा और अंतिम मैच 5 अक्टूबर से अहम खेला जाएगा।

## बारिश नहीं बिगाड़ पाएगी भारत की चुनौतीः अय्यर



**नागोया।** भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश, सीमित अभ्यास और असहज तैयारी उनकी टीम के सामने बहाने नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि एक पेशेवर टीम को अपने सामने आने वाली किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। नागोया में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश ने कहर बरपाया है, जिससे नॉकआउट चरण के लिए भारत की तैयारियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अय्यर ने कहा, 'हम बारिश को वजह नहीं बता सकते क्योंकि हम पेशेवर खिलाड़ियों का एक समूह हैं।

## ग्रीव्स और कैंपबेल के बीच 135 रन की ओपनिंग साझेदारी

# 32 साल के ग्रीव्स ने ठोका पहला वनडे शतक

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला केरल के तिरुवनंतपुरम में जारी है। इस मैच के लिए मैदान में आते ही वेस्टइंडीज के धाकड़ सलामी बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स ने शानदार शतक जड़ा।

ग्रीव्स ने 32 साल की उम्र में वनडे करियर का पहला शतक जड़ा और इसके साथ ही वह भारत के खिलाफ सबसे अधिक उम्र में वनडे शतक जमाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बैटर बन गए हैं। जबकि 32 साल की उम्र में पहला वनडे शतक जड़ने वाले वो छठे कैरेबियाई बैटर बन गए हैं।

**वेस्टइंडीज के लिए सबसे अधिक उम्र में वनडे शतक जमाने वाले बैटर**

- 36 साल 57 दिन क्लेटन लैम्बर्ट
- 33 साल 246 दिन शमर ब्रूक्स
- 32 साल 213 दिन जस्टिन ग्रीव्स
- 32 साल 154 दिन ट्रैविस डाउलिन




### जस्टिन ने संभाल मोर्चा

वेस्टइंडीज के लिए ओपनिंग करने जस्टिन ग्रीव्स आए और उन्होंने जॉन कैंपबेल के साथ शानदार तरीके से पारी को आगे बढ़ाया। कैंपबेल और ग्रीव्स ने मिलकर केरल के मैदान पर पैर जमाए और शुरुआत में विकेट नहीं दिए। इन दोनों के बीच ओपनिंग में 135 रन की साझेदारी हो चुकी थी। तभी पारी के 20वें ओवर में गेंदबाजी करने आए कुलदीप यादव ने दूसरी गेंद पर कैंपबेल का शिकार किया और भारत को पहली सफलता दिलाई। कैंपबेल 60 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से 62 रन बनाकर चलते बने। लेकिन ग्रीव्स ने मोर्चा संभाले रखा और अपने वनडे करियर का पहला शतक जमाया। ग्रीव्स ने 104 गेंद में 12 चौके से करियर का पहला शतक पूरा किया। लेकिन इसके तुरंत बाद वो आउट होकर चलते बने और 108 गेंद में 12 चौके से उनके नाम 101 रन पर उनकी पारी समाप्त हो गई।

### कुलदीप का शिकार बने जस्टिन

*ग्रीव्स ने वेस्टइंडीज के लिए काफी देर से 28 साल की उम्र में वनडे डेब्यू किया था। इसके बाद से लेकर अभी तक ग्रीव्स 25 वनडे मैच खेल चुके हैं और उन्होंने अपने करियर के 26वें वनडे मैच में पहला शतक जमाया,जिसके चलते 32 साल की उम्र से अधिक समय बाद भारत के खिलाफ वनडे शतक जमाने वाले वो पहले कैरेबियाई बैटर बन गए हैं।*

पंजाब के जालंधर स्थित एलपीयू में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न पर बवाल

# फगवाड़ा में छात्रों ने किया उग्र प्रदर्शन, मिग-23 और सैन्य टैंक के ऊपर चढ़ गए और इस दौरान तोड़फोड़ भी की. 'वी वॉन्ट जस्टिस' के नारे लगाते रहे

एजेंसी ▶▶ जालंधर

पंजाब के जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की अफवाहों के बाद छात्रों का गुस्सा भड़क गया है। छात्रों ने आगजनी और तोड़फोड़ की।छात्रों ने राष्ट्रिय राजमार्ग को भी जाम कर दिया है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं अब एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें छात्र मिग-23 और टैंक के ऊपर चढ़ गए हैं।कैंपस से सामने आए वीडियो में छात्रों के समूह विरोध प्रदर्शन करते और वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाते दिखाई दे रहे हैं। अन्य फुटेज में खिड़कियों के शीशे और गमले टूटे हुए दिखाई दिए, जबकि विश्वविद्यालय की इमारत के कुछ हिस्सों और वस्तुओं में आग लगी हुई थी।

### छात्रों ने रखी ये मांगें

- छात्रा से रेप और आत्महत्या की सच्चाई सामने लाए प्रबंधन।
- घटना में शामिल व्यक्ति के खिलाफ तत्काल सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई हो।
- मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाए।
- मामले को दबाने की कोशिश करने वाले हॉस्टल प्रबंधन और वार्डन के खिलाफ भी कार्रवाई हो
- लड़कियों के हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करें
- प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी शिकायतों का हल पारदर्शी हो।






### यूनिवर्सिटी प्रशासन ने खबरों को अफवाह

वहीं दूसरी तरफ, यूनिवर्सिटी प्रशासन सोशल मीडिया पर हो रहे सभी दावों का खंडन किया है और उन्हें अफवाह बताया है। संस्थान की रजिस्ट्रार डॉ. मोनिका गुलाटी ने बयान जारी कर कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर झूठी, मनगढ़ंत और भ्रामक अफवाहें फैलाई जा रही हैं।

पंजाब के दो विश्वविद्यालयों में छात्रों ने किया प्रदर्शन, हंगामे के बाद आगजनी की

### नेशनल हाईवे पर लगाया जाम

पंजाब में दो विश्वविद्यालयों में छात्रों ने उग्र प्रदर्शन किया है। पहले राजपुरा में स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी में छात्रों ने प्रदर्शन किया तो इसके बाद जालंधर की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में जबरदस्त हंगामा हुआ है।पंजाबी मीडिया में चल रही खबरों के मुताबिक, छात्रों ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। इस दौरान छात्रों ने यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ की और आगजनी भी की है। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में छात्रों के प्रदर्शन से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। हालत खराब होने की सूचना पर पुलिस यूनिवर्सिटी में पहुंच गई।

### पुलिस कर रही शांति बहाली की कोशिश

पुलिस ने कहा है कि छात्रों ने अपनी कुछ मांगों को उनके सामने रखा है और इन्हें हल करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया है हालत काबू में है और इस मामले में जरूरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने एलपीयू के प्रबंधन से भी बातचीत की है।

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी महिपाल खोलेंगे कई राज



**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 36,039 पन्नों के आरोप पत्र और 133 गवाहों की सूची दाखिल होने के बाद अब गवाहों की गवाही मुकदमे की अहम कड़ी होगी। इनमें ट्रस्ट के पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिंह और महासचिव चंपत राय के बयान पर विशेष नजर रहेगी। सिंह ट्रस्ट के लेखा प्रभारी रहे थे। कई राज खुल सकते हैं।

### एनटीए ऑफिस की सुरक्षा करेंगे सीआईएसएफ जवान



**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा व्यवस्था और एनटीए की सुरक्षा को लेकर कई बदलाव हुए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अपना कामकाज नए कार्यालय में शिफ्ट कर लिया है। अब नए ऑफिस के 'कॉन्फिडेंशियल एरिया' की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी जाएगी। यह फैसला पेपर लीक के बाद किया।

### टीएमसी विधायक घोष पर फिर किया हमला



**कोलकाता।** टीएमसी के विधायक कुणाल घोष ने आरोप लगाया है कि रविवार सुबह राजधानी कोलकाता के बेलियाघाटा में एक कार्यक्रम में जाते समय फिर से हमला किया गया। 24 घंटे के भीतर ही यह हमला हुआ है। घोष ने कहा कि 15-20 बाइक सवार लोगों का एक समूह उनके आवास से ही उनका पीछा कर रहा था। तभी हमला किया।

### इंडी की बैठक में शामिल नहीं होंगे अखिलेश



**नई दिल्ली।** सपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच सीट शेयरिंग को लेकर चल रही बयानबाजी के बीच अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वे व्यस्त हैं। कांग्रेस अध्यक्ष से बात हुई है। यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 138वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया

# आतंकवाद का कड़ा और निर्णायक जवाब देंगे आतंकी ठिकानों पर की थी सर्जिकल स्ट्राइक

## एलओसी के पार भारतीय सेना की कार्रवाई से दुनिया हैरान थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात'के 138वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 10 वर्ष पहले 28-29 सितंबर, 2016 को हुई स्ट्राइक को याद किया। पीएम ने बताया कि उस दिन एलओसी के पार जाकर भारतीय सेना के वीर जवानों ने जिस तरह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की थी, वो देख दुनिया हैरान थी। भारत ने डंके की चोट पर पूरी दुनिया के सामने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया था। आतंकवादी हमलों के कारण भारत ने लंबे समय तक, जो दर्द झेला था, 'सर्जिकल स्ट्राइक' उस कष्ट के खिलाफ हमारी निर्णायक प्रतिक्रिया थी।प्रधानमंत्री ने बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि भारत ने अपना रुख बार-बार साफ किया कि अगर कोई आतंकवादी भारत पर आंख उठाकर भी देखेगा तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना भी जताई।

सेना का पराक्रम दुनिया ने देख लिया

पीड़ित लोगों के प्रति संवेदना जताई



### सेना ने की थी सर्जिकल स्ट्राइक

पीएम मोदी ने कहा कि 1026 ईसवी में जब गजनी द्वारा सोमनाथ विध्वंस हुआ था। उसी साल गुजरात के ही मोढेरा में प्रसिद्ध सूर्य मंदिर पर भी हमला हुआ था, उसे तोड़ा गया था यानि मोढेरा मंदिर विध्वंस को भी इस साल एक हजार साल हुए हैं, जबकि उस समय, इस मंदिर को बने सिर्फ एक ही साल हुआ था। 1025 में इस मंदिर का निर्माण राजा भीमदेव ने कराया था।

### जनगणना के लिए अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कराएं लोग



प्रधानमंत्री ने कहा कि जनगणना हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है। इसके लिए अपना समय जरूर निकालें। उन्होंने नागरिकों से जनगणना के लिए अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने को कहा। पीएम मोदी ने कहा कि वह अपने मोबाइल से ही अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज करा सकते हैं। ये सुविधा हिंदी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है। इसके लिए आपको जनगणना के ऑनलाइन पोर्ट पर जाना होता है। अपने परिवार से जुड़ी जानकारी भरिए, और उसे संलग्न कर दीजिए।

### युवाओं के नशे के खिलाफ लिए गए संकल्प को सराहा

प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं द्वारा नशे के खिलाफ लिए गए संकल्प की सराहना की और नशामुक्त युवा अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल ही में देश के लाखों युवाओं ने नशे के विरुद्ध एक बहुत महत्वपूर्ण संकल्प लिया है। युवाओं ने खुद नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा लेने के साथ ही इस संदेश को दूसरों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी ली है। उन्होंने बताया कि यह सब नशामुक्त युवा अभियान के तहत हो रहा है। यह अभियान 100 सप्ताह तक चलने वाला है। इसमें माय भारत के वॉलंटियर बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### प्रतापगढ़ के आंवले का जिक्र किया आय का साधन बताया आंवला

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के आंवले की भी चर्चा की और बताया कि कैसे एक



पारंपरिक फल आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल अभियान को मजबूती दे रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि आंवला हम सभी के लिए बहुत जाना-पहचाना है। ज्यादातर घरों में इससे बने आचार और मुरब्बे का प्रयोग होता है। बहुत से लोग आंवले का जूस पसंद करते हैं।

### सिंहल ने समाज में रहकर तपस्वियों का जीवन जिया

पीएम मोदी ने कहा कि अशोक सिंहल 27 सितंबर 1926 को आज के ही दिन आगरा में उनका जन्म हुआ था। उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने समाज में रहकर तपस्वियों जैसा जीवन जिया। उन्होंने राम-जन्मभूमि आंदोलन को जो दिशा दी, जो ऊर्जा दी, आज उसी का परिणाम है कि हम अयोध्या में भव्य मंदिर को साक्षात देख रहे हैं।

### मनप्पारई में जीवंत रखी जा रही विरासत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत से भारत का जुड़ाव आज भी बहुत जीवंत है। इसके पीछे उन लोगों का समर्पण और मेहनत है, जो अपनी कोशिशों से इस जुड़ाव को और गहरा बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के मनप्पारई में भी ऐसा ही एक अनूठा प्रयास किया जा रहा है। मनप्पारई के इस प्रयास का जिक्र करते हुए बताया कि देश की पुरानी विरासत -परंपराओं को बचाने में लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

असम में सीजेपी पर कार्रवाई

# रांका को हिरासत में, किसी से नहीं मिलने का लगाया आरोप



दीपके बोले- मुख्यमंत्री सरमा डर गए, हम फिर यहां आएंगे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कॉकरोच जनता पार्टी के सह-संयोजक आशुतोष रांका और उनकी टीम को रविवार को असम के गुवाहाटी में हिरासत में लिया गया।

इस बात की जानकारी उन्होंने खुद दी है। सीजेपी के अभिजीत दीपके ने भी इसका कड़ा विरोध किया है।अभिजीत दीपके ने कहा कि वकील उस जगह के बाहर मौजूद थे जहां रांका और अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया था, लेकिन उन्हें उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा था। सीजेपी नेता अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि समूह को किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया जा रहा था।

### बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे

रांका और उनकी टीम असम के गुवाहाटी में कॉकरोच जनता पार्टी की पहली क्षेत्रीय बैठक में हिस्सा लेने असम पहुंचे थे। हालांकि गुवाहाटी पुलिस ने आशुतोष रांका और उनकी टीम के सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। सीजेपी की यह बैठक असम सचिवालय के पास होने वाली थी। बैठक शुरू होने से पहले ही पुलिस ने सीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

### हम डरने वाले नहीं

एक्स पर रांका ने कहा कि जब जब हिमंता डरता है, पुलिस को आगे करता है। सरमा यहां के लोगों से डर गए हैं। हम इनके स्कूलों की हकीकत देश की जनता के सामने लाना चाहते हैं, इसलिए सरमा डर गए हैं। हम नहीं डरेंगे।

### सोनम करेंगे सीजेपी के प्रदर्शन का समर्थन



मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अब सीजेपी बड़ा आंदोलन करने वाली है। ये आंदोलन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देशभर में किया जाएगा। इस आंदोलन को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का बड़ा बयान दिया है। वांगचुक ने रविवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सीजेपी के 2 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन का समर्थन किया है।

भगवद्गीता पाठ में सुवेंदु की दो टूक

# साधुओं का अपमान किया तो भेजेंगे जेल, गाय की रक्षा होगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

यहां भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को लेकर अपनी सरकार की प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने लोगों से बिना डर भगवद्गीता का पाठ करने की अपील की और कहा कि राज्य में अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। सुवेंदु ने कहा कि बंगाल में किसी साधु या संत का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो लोग साधुओं का अपमान करेंगे, उनके खिलाफ



सरकार कार्रवाई करेगी और उन्हें जेल भेजा जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य में धार्मिक बयानों और संतों को लेकर राजनीतिक विवाद भी सामने आते रहे हैं। अपनी सरकार को 'टीका', 'शिखा', 'धोती' और 'तुलसी' से जोड़ते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य 'गोमाता' की रक्षा करना है।

तेलंगाना में कांग्रेस को तगड़ा झटका

# कई सीनियर नेताओं ने छोड़ दी पार्टी, केटीआर ने किया स्वागत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। पार्टी से जुड़े कई प्रमुख नेता रविवार को बीआरएस में शामिल हो गए। यह कार्यक्रम रंगारेड्डी जिले के बीआरएस कार्यालय में हुआ, जहां पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने नए नेताओं का स्वागत किया। राजेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी पटलोला कार्तिक रेड्डी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में केटीआर ने नेताओं को गुलाबी गमछा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। बीआरएस में शामिल होने वालों में पूर्व जिला



कांग्रेस उपाध्यक्ष बी. साई रेड्डी, पूर्व एमपीटीसी सदस्य व मार्केट कमेटी निदेशक बी. राजू, पूर्व मणिकोंडा सरपंच यालाला नरेश, पूर्व पुप्पलगुडा एमपीटीसी सदस्य पापालाल सिंह, पूर्व मणिकोंडा सरपंच जय हिंद राव और मणिकोंडा पार्षद यालाला लावण्या समेत कई नेता शामिल रहे।

भाजपाध्यक्ष नवीन ने संगठनात्मक बैठकों में बातचीत की

# हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी संगठन के काम से जुड़ा रहे, 'भावी' योजनाओं पर भी चर्चा की

## भाजपा के प्रदर्शन पर पदाधिकारियों की राय जानी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बंगाल में पार्टी के पदाधिकारियों, सांसदों और विधायकों के साथ संगठनात्मक बैठकें कीं। उन्होंने पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद बंगाल के अपने पहले दौरे पर आए नवीन ने संगठनात्मक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, विभाग संयोजकों, प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों, सांसदों, जिला नेताओं के अलावा पार्टी की आईटी और सोशल मीडिया गतिविधियों का संचालन करने वाले पदाधिकारी भी शामिल हुए।

### समाज के प्रतिनिधियों और सांस्कृतिक क्षेत्र के लोगों से भी की बात

नवीन ने कार्यकर्ता और पदाधिकारी संगठन के काम से जुड़ा रहे। नवीन ने राज्य में पार्टी के सांसदों और



विधायकों से मुलाकात कर संगठन से जुड़े मुद्दों के साथ जनप्रतिनिधियों और पार्टी संगठन के बीच समन्वय पर चर्चा की। नवीन बाद में राज्य के कोर ग्रुप के सदस्यों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक भी की। नवीन प्रमुख हस्तियों, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ भी बातचीत की।

गुजरात के अहमदाबाद को केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने दी सौगात

साबरमती का भी किया जिक्र

# एलएनजी से चलने वाली देश की पहली 'सुविधाजनक' ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में आज रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साबरमती रेलवे स्टेशन से एलएनजी से चलने वाली देश की पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। शाह ने कहा कि आज हम साबरमती की उस धरती पर खड़े हैं, जो आत्मशक्ति और सत्य के प्रयोगों की भूमि रही है। यहां से कुछ ही किलोमीटर दूर महात्मा गांधी ने अपना आश्रम स्थापित किया था और साबरमती आश्रम को देशभर में स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र बनाया था। यहीं से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह, सादा जीवन, ग्रामीण विकास और खादी से जुड़े अपने प्रयोगों को जमीनी स्तर पर लागू करना शुरू किया। यहां यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को और मजबूत करेंगे।

### यात्रियों को और सुरक्षा और सुविधाएं देंगे

उन्होंने साबरमती रेलवे स्टेशन में हुए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि कोई यकीन नहीं कर सकता



कि यह वही स्टेशन है जहां 1980 के दशक में लोगों को रिक्शा लेने के लिए करीब 2किमीपैदल चलना पड़ता था। आज यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में यहां बड़ा बदलाव आया है। यहां से मेट्रो रेल, राज्य परिवहन बस स्टैंड और आने वाली हाई-स्पीड रेल सेवा तक पहुंच संभव है। साबरमती में 1,472 करोड़ की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास आने वाले दिनों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को और मजबूत करेगा।

विहिप के पूर्व कार्याध्यक्ष सिंहल की जन्मशताब्दी मनेगी

# शाह और होसबाले ने किया जन्मशताब्दी का आगाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विहिप के पूर्व कार्याध्यक्ष अशोक सिंहल की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद ने वर्ष



भर चलने वाले विश्व व्यापी कार्यक्रमों की घोषणा की है। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि रविवार से सिंहल के प्रेरणादायी जीवन, उनके दूरदर्शी चिंतन तथा समाज के प्रति अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा व कृतज्ञता अर्पित की जाएगी। इंद्रप्रस्थ में विहिप व सिंहल फाउंडेशन द्वारा वर्ष के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया।

साल भर होंगे कार्यक्रम

भारत मंडपम में सजेगा मंच



### महामंडलेश्वर परमानंद गिरि का रहेगा सान्निध्य

भारत मंडपम में महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज का सान्निध्य रहेगा तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले अति विशिष्ट रहे।

### विहिप ने कहा- उनके संकल्पों को गति मिलेगी

विहिप ने सिंघल जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले विश्व व्यापी कार्यक्रमों की घोषणा की है। केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं क्षेत्रीय गोरक्षा प्रमुख डॉ. राजकमल गुप्ता ने बताया सिंघल के जीवन और समाज के प्रति उनके योग दान पर आधारित कार्यक्रम भारत मंडपम में हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई जैसे अयोध्या धाम की मुक्ति के बाद इस वर्ष काशी और मथुरा की मुक्ति के उनके संकल्प को गति मिलेगी।

### प्रयागराज में किया हवन और दीप प्रज्वलन

प्रयागराज में राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े प्रमुख नेता रहे सिंघल की जयंती की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) काशी प्रांत की ओर से शनिवार को कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। काशी विश्वनाथ मंदिर में अभिषेक के बाद यमुना बैंक रोड स्थित प्रेरणास्थल पर सिंघल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान हवन का कार्यक्रम भी किया गया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in